तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026



शनिचरी सब्जी मंडी बनकर तैयार



# बीच शहर गन पाइंट पर सराफा व्यापारी से लाखों की लूट

## हथौड़ी से सिर पर वार कर किया घायल

## ज्वेलरी से भरा बैग और व्यापारी की गाड़ी लेकर भागे, आरके नगर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के राजकिशोर नगर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर मंगलवार रात करीब 9 बजे सनसनीखेज वारदात हुई। अज्ञात बदमाशों ने सराफा कारोबारी संतोष तिवारी को रास्ते में रोककर बेरहमी से मारपीट की। सिर पर हथौड़ी से वार किया और उनकी रेनॉल्ट कार लूटकर फरार हो गए। घायल कारोबारी को प्रथम हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके और आसपास का सीसीटीवी फूटेज खंगाल रही है। साथ ही जिले के आसपास और पूरे क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी गई है। वारदात के सीसीटीवी फूटेज में कैद होने की भी जानकारी मिल रही है जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने अस्पताल जाकर घायल व्यापारी का हाल जाना तो वहीं आईजी आरएस गर्ग मौके पर पहुंचे और पुलिस को दिशा निर्देश दिया।

सरकंडा पुलिस के मुताबिक राजकिशोर नगर स्थित तुलसी आवास निवासी संतोष तिवारी की राजकिशोर नगर चौक पर ही महामाया ज्वेलर्स नाम से सराफा दुकान है। मंगलवार की रात करीब 9 बजे वह दुकान बंद कर अपनी रेनाल्ट कार (क्रमांक सीजी10 एएच 7707) से घर की ओर से जा रहे थे। राजकिशोर नगर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज रोड के पास दो गाड़ियों में अज्ञात लोगों ने उनका रास्ता रोका।

इससे पहले की श्री तिवारी कुछ समझ पाते अज्ञात लोगों ने कार का दरवाजा खोला और पिस्टल के बट और हथौड़ी से श्री तिवारी के सिर पर वार कर दिया। इससे श्री तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। इससे पहले कि आसपास के लोग मौके पर पहुंचते आरोपियों ने श्री तिवारी को कार से निकालकर जमीन पर पटक दिया और उनकी कार लेकर फरार हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी ।

ध्यान रहे कि बिलासपुर और एसीसीयू की टीम ने कोरबा और जांजगीर जिले में उठाईगिरी करने वाले दो आरोपियों को पुराना बस स्टैंड के एक लाज से पकड़ा है। इन आरोपियों ने अपनी बाइक पुराना बस स्टैंड के पार्किंग में खड़ी की थी। मामले के बाकी आरोपी फरार हैं। आशंका इस बात की भी है कि लूट की वारदात में कहीं यही फरार आरोपी तो नहीं।



अस्पताल में भर्ती घायल सराफा व्यापारी।





सीसीटीवी में कैद वारदात।



मौके की जांच करती पुलिस।

### मौके से जिंदा कारतूस और मैगजीन मिली

पुलिस ने मौके की जांच की तो एक मैगजीन और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं जो चले नहीं थे। इसके बावजूद आसपास के लोगों में गोली चलने की अफवाह फैल गई। पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या आरोपियों के पास हथियार था या सिर्फ डराने के लिए रखा गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना स्थल से पुलिस ने एक पैशन प्रो बाइक ( सीजी 10 पी 0331) और एक कार ( सीजी 10 बीजे 8147) बरामद की है, जिन्हें आरोपी छोड़कर भाग निकले हैं। इससे पुलिस को आशंका है कि वारदात में एक से अधिक वाहन और कई आरोपी शामिल थे।

### व्यापारी की कार में थे लाखों के जेवरात

प्राथमिक जानकारी के अनुसार लूटी गई कार में सोने-चांदी के आभूषण रखे होने की बात सामने आई है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। वारदात के पीछे लूट की साजिश की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक व्यापारी के ठीक होने के बाद बयान लिया जाएगा। फिलहाल मौके पर सरकंडा पुलिस के साथ ही शहर भर के थाने के स्टाफ के साथ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की। शहर में नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### पहले भी इस तरह की हो चुकीं हैं घटनाएं

- 21 अगस्त 2022 को गोंड़पारा इलाके में दीपक ज्वेलर्स में इसी तरह लूट की घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई थी। तीन नकाबपोश युवक एक बाइक में सवार होकर दीपक ज्वेलर्स पहुंचे और कट्टा तथा चाकू दिखाकर दुकान को लूटना शुरू कर दिया। दुकानदार दीपक सोनी ने जब इसका विरोध किया तब एक लुटेरे ने सोनी पर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गए थे।
- इसी तरह 25 जनवरी 2021 को उसलापुर मुख्यमार्ग स्थित सतीश्री ज्वैलर्स में हथियार बंद युवकों ने लूट की कोशिश की थी। चार लूटेरे लूट की नीयत से गन तान कर ज्वैलर्स संचालक आलोक सोनी को धमकाने का प्रयास किया लेकिन ज्वैलर्स संचालक ने बहादुरी दिखाई और भिड़ गया। इस दौरान फायरिंग में आलोक के दोनों बाह में गोली लगी थी और अपोलो में भर्ती कराया गया था।

## खबर संक्षेप

### मनरेगाः कलेक्टोरेट घेरेगी कांग्रेस कल

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम तहत बिलासपुर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री एवं शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा की उपस्थिति में 19 फरवरी को कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस का कहना है कि मोदी सरकार द्वारा मनरेगा के मूल स्वरूप को समाप्त कर मजदूरों से रोजगार छीनने के लिए किए जा रहे षडयंत्र के विरोध में 19 फरवरी को सुबह 11 बजे सभी कांग्रेसजन नेहरू चौक में एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे। उसके बाद कांग्रेसजन कलेक्टोरेट की ओर कूच करेंगे और कलेक्टोरेट का घेराव करेंगे।

### फीडर मेंटनेंस के चलते डेढ़ घंटे बंद रही बिजली

**बिलासपुर।** बिजली बंद कर विभाग मेंटनेंस में जुट चुका है। मंगलवार को गोल बाजार व गांधी चौक फीडर में मेंटनेंस किया गया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे बिजली बंद रही। खास बात यह रही कि विभाग ने शेड्यूल लेकर मरम्मत किया, लेकिन तय शेड्यूल के अनुसार 11.30 से 12.45 तक बिजली बंद की जानी थी लेकिन लेटलतीफी के चलते करीब 1 बजे बिजली बंद की गई, जिससे लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हुए। लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार बिजली बंद नहीं होने पर आम लोगों के काम अटकते है। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है, तय शेड्यूल के बाद भी बिजली बंद रहती है।

### एयूः क्रेन से उतारते समय गिरी बिरसा मुंडा की मूर्ति



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में मंगलवार को एक बड़ा हादसा उस उक्त हो गया जब भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति को क्रेन की मदद से वाहन से उतारते समय मूर्ति नीचे गिर गई और उससे दबकर एक मजदूर घायल हो गया। वहीं गिरने के कारण मूर्ति स्थापना से पहले ही खंडित हो गई। आज दोपहर वाहन में भरकर दोनों मूर्ति यूनिवर्सिटी लाई गई, जहां क्रेन से उतारकर स्थापना वाले जगह पर रखा जा रहा था तभी से क्रेन आपरेटर ठीक तरह से आपरेट नहीं कर पाया और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा गाड़ी से उतारकर रखते समय मूर्ति गिर गई।

### खराब सड़क के कारण बेलगहना रोड पर हुआ हादसा

# 50 फीट नीचे खाई में गिरा कोयले से भरा ट्रेलर, ड्राइवर-हेल्पर की मौत



## जेसीबी से कोयला हटाकर निकाला गया खलासी का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खराब सड़क के कारण मोड़ पर तेज रफ्तार कोयले से भरा हाइवा अनियंत्रित होकर 50 फीट से अधिक नीचे खाई में गिर गया। हेल्पर की कोयले में दबकर मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इलाज के दौरान ड्राइवर की अस्पताल में मौत हुई।



मृतक खलासी

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया कि मध्य प्रदेश शहडोल धनपुरी निवासी उमेश विश्वकर्मा पिता स्व. सुखलाल विश्वकर्मा खलासी का काम करता है। 16 फरवरी की रात उमेश ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीजे, 3515 में ड्राइवर प्रकाश महरा के साथ कोयला लेकर बिलासपुर जाने निकला था। गाड़ी की स्पीड काफी तेज थी। 17 फरवरी की सुबह 7 बजे बेलगहना रोड पर केंदाघाटी मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर 50 फीट से अधिक खाई में गिर गया। कोयले में दबकर खलासी उमेश विश्वकर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं ड्राइवर प्रकाश महरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर चौकी प्रभारी श्री ठाकुर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल ड्राइवर को इलाज के लिए गौरेला-पेंड्रा अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान ड्राइवर प्रकाश महरा की भी मौत हो गई।

### दो माह पहले यात्री बस 40 फीट खाई में गिरी थी

ध्यान रहे कि इससे पहले 2 दिसंबर 2025 को मरवाही से यात्री लेकर लेकर बस क्रमांक सीजी 10 जी, 0336 बिलासपुर के लिए रवाना हुई थी। केंदाघाटी में जर्जर सड़क निमार्ण कार्य के चलते बस कांक्रीट वॉल से टकराकर 40 फीट नीचे गिरकर पेड़ के सहारे दो पहियों पर लटक गई थी। हादसे में केंदा सेमरी निवासी यशपाल कंवर की मौत हो गई थी।

### डेढ़ साल से कछुआ चाल से सड़क निर्माण कार्य

ज्ञात हो कि पिछले डेढ़ साल से बेलगहना केंदा पेंड्रा रोड में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। जिससे सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। ठेकेदार के द्वारा केवल गिट्टी डालकर गड्ढे को पाट दिया जाता है। खराब सड़क के कारण उस मार्ग पर लगातार वाहन सवार सड़क हादसे का शिकार हो रहे हैं और लोगों की जान रही है।

### कोयला हटवा कर शव बाहर निकाला गया

पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो लोगों ने बताया कि खलासी कोयले के नीचे दब गया है। प्रभारी श्री सिंह, एएसआई अशोक मिश्रा ने कंचनपुर से जेसीबी मंगाया। उसके माध्यम से कोयला हटाने पर नीचे खलासी की लाश मिली। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

# केंद्रीय जेल के किचन में कैदी ने हंसिया से अपना गला रेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार की सुबह उस समय सेंट्रल जेल में अफरा-तफरी मच गई जब किचन में काम कर रहे एक कैदी ने हंसिया से अपना गला रेतकर खुदकुशी करने की कोशिश की। आनन फानन में जेल कर्मियों ने कैदी को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स पहुंचाया। केजवल्टी वार्ड में उसका इलाज चल रहा है। गला रेतने के बाद से कैदी बातचीत नहीं कर पा रहा है। इसलिए इस घटना की पूरी जानकारी सामने नहीं आ पाई है कि आखिर उसने यह कदम क्यों उठाया। जेल प्रबंधन के मुताबिक कैदी विकास कश्यप ने पारिवारिक विवाद में अपनी दादी की हत्या कर दी थी। वर्ष 2024 में उसे उक्त मामले में उसे आजीवन कारावास की सजा हुई थी।

जेल से मिली जानकारी के अनुसार पेंड्रा निवासी विकास कश्यप, पिता कन्हैया कश्यप हत्या के मामले में पिछले 2 साल से (वर्ष 2024) से केंद्रीय जेल में सजा काट रहा है। उससे जेल के किचन में भोजन बनाने का काम फिलहाल लिया जा रहा है। मंगलवार की सुबह 7 बजे कैदी विकास अपने बैरक से जेल के किचन में भोजन बनाने के लिए पहुंचा। काम करने के दौरान उसने अचानक सब्जी काटने के हंसिया से गला रेत लिया। फर्श खून से लाल हो गया। काम कर रहे अन्य कैदियों ने विकास को तड़पता देखकर उसे संभाला और जेल के अधिकारियों की सूचना दी।

### गंभीर अवस्था में सिम्स में भर्ती



### मामला संदिग्ध पुलिस को नहीं दी गई सूचना

इस पूरे मामले में खास बात यह है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी जेल प्रशासन की ओर से पुलिस को सूचना नहीं दी गई है। यही नहीं सिम्स से कैदी के भर्ती होने का मेमो भी थाने में नहीं भेजा गया, जिससे मामला संदिग्ध हो गया है। बहरहाल कैदी के होश में आने पर सच्ची सामने आ पाएगी। गौरतलब है कि जेल के अंदर वर्चस्व को लेकर कैदी व बंदियों के बीच कई बार खूनी संघर्ष हो चुका है। ओहदेदार कैदी जेल के अंदर अपना वर्चस्व बनाने के लिए चम्मच, गिलास, थाली को धारकर कटनी, सुंबा जैसे घातक हथियार बनाकर रखे रहते हैं। हथियार दिखाकर बंदियों से वसूली की शिकायत भी समय समय पर सामने आती रही हैं।

### जेल में मचा हड़कंप

कैदी के खुदकुशी करने की कोशिश करने की सूचना पर जेल में हड़कंप मच गया। आनन फानन में जेल अधीक्षक, जेलर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी पहुंचे। उसके बाद तत्काल जेल के एम्बुलेंस से गंभीर रूप से घायल कैदी को इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। बहरहाल कैदी का सिम्स में इलाज जारी है।

### स्वयं हंसिया से गला रेता

कैदी दो साल जेल में सजा काट रहा है। वह अन्य कैदियों के साथ किचन में भोजन बनाने का काम करता है। मंगलवार की सुबह 7 बजे सब्जी काटने के हंसिए से उसने स्वयं गला रेत लिया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उसका इलाज चल रहा है।

**- खोमेश मंडावी** जेल अधीक्षक

### नहीं मिली सूचना

जेल प्रशासन की ओर से कैदी के द्वारा गला रेतने की सूचना नहीं दी गई। अस्पताल से भी गंभीर अवस्था में भर्ती होने का मेमो नहीं मिला है। मेमो मिलने के बाद कैदी से पूछताछ कर जांच की जाएगी।

**- एसआर साहू**
सिविल लाइन टीआई

### सुरक्षा गार्ड ने महिला को भीतर जाने से रोका, नोटिस जारी कर कर्मचारी से खाली कराया क्वार्टर

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में फैमिली ड्रामा, महिला ने गेट पर मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में फैमिली ड्रामा के चलते एक महिला ने मंगलवार को मेनगेट के सामने जमकर हंगामा मचाया। यूनिवर्सिटी के सुरक्षा गार्डस ने महिला को भीतर जाने नहीं दिया जिसपर यह हंगामा हुआ। बाद में आवासीय क्वार्टर से महिला का सामान लाकर दिया गया। वहीं इस फैमिली ड्रामा के चलते यूनिवर्सिटी ने कामर्स डिपार्टमेंट के कर्मचारी राज ब्रदर को नोटिस जारी कर क्वार्टर खाली करा दिया है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कामर्स डिपार्टमेंट में आफिस असिस्टेंट के पद पर कार्यरत कर्मचारी राज ब्रदर यूनिवर्सिटी में ही कार्यरत अपने बड़े भाई जितेन्द्र ब्रदर और महिला सुप्रिया यादव तथा उनके दो बच्चों के साथ यूनिवर्सिटी के कर्मचारी स्टाफ क्वार्टर में रह रहे थे। पिछले दिनों राज और महिला के बीच विवाद मारपीट की घटना हुई और मामला कोनी थाना तक पहुंचा। उसके बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन के जानकारी में यह मामला आया और यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने कर्मचारी राज ब्रदर को नोटिस जारी कर क्वार्टर खाली करने के निर्देश दिए। साथ ही कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब मांगा कि कैसे उक्त महिला के साथ अनाधिकृत रूप से यूनिवर्सिटी के आवासीय क्वार्टर में रह रहे थे। क्योंकि कर्मचारी उक्त महिला को अपनी पत्नी मानने से इनकार कर रहा है और महिला अपने आपको को कर्मचारी की पत्नी बता रही है। महिला सुप्रिया ने कोनी थाना से लेकर कलेक्ट्रेट और फिर सोमवार को कुलपति आलोक चक्रवाल के बंगला पहुंचकर कर्मचारी राज के खिलाफ पूरे मामले की शिकायत की। इसके बाद ही शाम को यूनिवर्सिटी के सुरक्षा विभाग द्वारा आनन-फानन में कर्मचारी से क्वार्टर खाली करा दिया गया। कर्मचारी ने महिला को सरकंडा स्थित एक हास्टल में रखा और कर्मचारी अपना सामान तो लेकर चला गया, किन्तु महिला का सामान वहीं क्वार्टर में पड़ा रहा, जिसे लेने आज महिला यूनिवर्सिटी पहुंची तो उसे सुरक्षा गार्डस ने भीतर जाने से रोक दिया, जिस पर गेट पर जमकर हंगामा हुआ। हंगामा के बाद कर्मचारी राज द्वारा आटो रिक्शा में भरकर महिला का सामान क्वार्टर से निकालकर लाया गया, उसके बाद हंगामा शांत हुआ, किन्तु इस घटना की चर्चा दिनभर यूनिवर्सिटी में बनी रही।



### यूनिवर्सिटी ने क्वार्टर खाली करा झाड़ा पल्ला

इधर यूनिवर्सिटी ने कर्मचारी राज ब्रदर को नोटिस जारी कर कैंपस भीतर के क्वार्टर खाली कराकर इस विवाद से अपना पल्ला झाड़ लिया है। महिला फिलहाल सरकंडा स्थित एक हास्टल में रह रही है। यूनिवर्सिटी प्रबंधन का कहना है कि कर्मचारी राज ब्रदर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि वह किस तरह अनाधिकृत रूप से महिला को साथ लेकर यूनिवर्सिटी क्वार्टर में रह रहा था और कर्मचारी को क्वार्टर खाली करने कहा गया था।

### मैं कुछ नहीं बोल सकती

मैं इस मामले में कुछ नहीं बोल सकती, क्योंकि मैं अधिकृत नहीं हूं। यूनिवर्सिटी के पीआरओ या मीडिया प्रभारी से इस संबंध में बात करिए।

**- सीमा राय,** सुरक्षा प्रभारी, सीयू

### महिला ने लगाया रिश्वत देकर नौकरी पाने का आरोप



पटना बिहार निवासी महिला सुप्रिया यादव ने बताया कि उसका पहले पति से तलाक होने के बाद राज ब्रदर ने उससे वर्ष 2018 में मंदिर में लव मैरिज किया था। वर्ष 2023 में उसने अपने पिता के खेत बेचकर 50 लाख रुपए राज को गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में नौकरी के लिए रिश्वत देने के लिए दिया था। महिला का कहना है उस राशि से ही दोनों भाई राज और जितेन्द्र सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एक रिश्तेदार की मदद से 2023 में नौकरी लगे और उसके बाद 2023 से वह भी उनके साथ सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कर्मचारी क्वार्टर में रह रही थी। महिला ने बताया कि उसका कथित पति राज दूसरी शादी करना चाहता है इसलिए उसने 7 फरवरी को राज ने उसके साथ मारपीट की, जिसकी रिपोर्ट दोनों तरफ से कोनी थाना में की गई। महिला ने बताया कि राज उसे अपने पत्नी मानने से इनकार कर रहा है। इसकी शिकायत उसने कोनी थाना से लेकर कलेक्ट्रेट और कुलपति से की है। लेकिन यूनिवर्सिटी द्वारा उनसे क्वार्टर खाली करा दिया गया है और अंदर जाने नहीं दिया गया।

### यूनिवर्सिटी की ओर से जारी किया गया शो काज नोटिस

यूनिवर्सिटी के कामर्स डिपार्टमेंट के राज नामक कर्मचारी को यूनिवर्सिटी की ओर से शो काज नोटिस जारी किया गया है। उक्त महिला भी यूनिवर्सिटी क्वार्टर में अनाधिकृत रूप से रह रही थी। इसलिए कर्मचारी को क्वार्टर खाली करने कहा गया था। जहां तक पति-पत्नी वाली बात है तो कर्मचारी के सर्विस बुक में महिला के नाम का जिक्र नहीं है और यूनिवर्सिटी सर्विस बुक को मानेगी।

**- प्रो. मनीष श्रीवास्तव,** मीडिया प्रभारी, सीयू


JEE में भी रिकॉर्ड SELECTION का भरोसा – ACHARYA INSTITUTE
50+ विद्यार्थियों के JEE ADVANCED क्वालिफाई करने की प्रबल संभावना, ACHARYA INSTITUTE ने फिर दिखाई अपनी ACADEMIC STRENGTH
JEE MAIN RESULTS 2026 SESSION -I
SAYAM GHOSH 98.21 %ile PHY: 96.52 CHE: 97.41 MATH: 98.08
UTKARSH AWASTHI 99.20 %ile PHY: 98.06 CHE: 99.25 MATH: 98.51
NAITIK CHANDWANI 99.21 %ile PHY: 99.53 CHE: 97.97 MATH: 98.53
ADYA GUPTA 99.75 %ile PHY: 99.40 CHE: 99.16 MATH: 99.72
PRASANN AGRAWAL 99.60 %ile PHY: 99.65 CHE: 98.23 MATH: 99.51
HARSHIT KUMAR SINGH 99.21 %ile PHY: 99.27 CHE: 98.97 MATH: 97.44
ALIYA SHEIKH ASLAM 98.31 %ile PHY: 95.21 CHE: 97.04 MATH: 99.13
DHAIRYA OJHA 97.88 %ile PHY: 98.02 CHE: 97.87
SHREEJAN SWARNKAR 97.76 %ile PHY: 99.15 CHE: 97.97
PRAKASH AGRAWAL 97.74 %ile PHY: 95.28 CHE: 90.82 MATH: 99.02
YASH CHANDANI 97.70 %ile PHY: 96.93 CHE: 97.68 MATH: 93.06
SHIVANSH DUBEY 97.36 %ile PHY: 98.66 CHE: 96.49
RAGHAV SINGH 96.78 %ile PHY: 99.12 CHE: 98.84
ABHAY BANJARA 96.22 %ile PHY: 96.09 CHE: 91.94 MATH: 95.48
AKSHAT TIWARI 96.13 %ile PHY: 98.77 CHE: 97.05
ADITI CHANDRAKAR 95.09 %ile CHE: 96.13 MATH: 96.41
AMBUJ YADAV 95.01 %ile PHY: 95.35 CHE: 95.94
ADITYA JAIN 94.90 %ile
ADITI KRISMUCS 94.82 %ile PHY: 93.17 CHE: 95.03
SUJAL PATEL 93.76 %ile PHY: 94.83 CHE: 97.54
ANURAG SINHA 93.11 %ile MATH: 97.22
PRATIKSHA SAHU 91.79 %ile PHY: 93.50 CHE: 90.13
HIMANSHU SINGH THAKUR 90.38 %ile MATH: 96.95
SUBHIKSHA AGARWAL 89.00 %ile
YOGYATA BHARGAV 87.60 %ile
OM VERMA 86.99 %ile
MOKSHA TIWARI 86.27 %ile
ANUSHKA P BARPANDE 85.54 %ile
NAITIK DEWANGAN 84.85 %ile
CHEHAL 84.30 %ile
DHWANI AGRAWAL 83.27 %ile
SIDDHANT TRIPATHI 82.77 %ile
GITIKA 82.05 %ile
SAMRIDDHI TRIPATHI 82.00 %ile
PRANITA 80.05 %ile
BEST IIT JEE RESULTS OF ACHARYA INSTITUTE
SHRISHTI GUPTA 98.23 %ile PHY: 99.85 CHE: 96.56 JEE 2024 NEET UG 2024 710/720 AIIMS BHOPAL
GUNJAN MISHRA 99.59 %ile PHY: 100 CHE: 100 JEE 2024 NEET UG 2024 705/720 AIIMS HYDERABAD
AKUL SONI 99.84 %ile AIR* 472 | CRL 2503 PHY: 99.71 CHE: 99.83 MATH: 99.72 JEE 2025 IIT GUWAHATI
SATYANSHU 98.78 %ile PHY: 99.67 CHE: 97.19 MATH: 96.69 JEE 2025 NIT NAGPUR
DIVYANSH AGRAWAL 99.83 %ile 1 RANK IN CGPET 2023 JEE 2023 IIT BOMBAY
MAHI KALWANI 99.64 %ile PHY: 100 CHE: 100 JEE 2024 MNNIT ALLAHABAD
KARISHMA SINGH JEE ADV.AIR 776 AIR* 472 | CRL 2503 PHY: 99.71 CHE: 99.63 MATH: 99.72 JEE 2024 IIT KANPUR
PRADYUMNA CHIPDE 98.25 %ile PHY: 99.67 CHE: 97.19 MATH: 96.69 JEE 2024 NIT RAIPUR
ADMISSION OPEN FOR NEW SESSION 2026-27
FOUNDATION BATCH CLASS 6th-10th
NURTURE BATCH 11th & 12th NEET / JEE
TEST SERIES FOR NEET 2026
DROPPER BATCH 11th & 12th NEET / JEE
CRASH COURSE NEET ENGLISH MEDIUM & HINDI MEDIUM
SUMMER COURSE 8-12th ENGLISH MEDIUM | 11th & 12th HINDI MEDIUM
STARTING FROM MAY 1ST WEEK 2026
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
8463879119
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTA
ADMISSION Start
FOR ADMISSION

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शुरू

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गईं। पहले दिन गणित विषय का पेपर छात्रों ने दिया, वहीं कक्षा 12वीं के छात्रों ने बायोटेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप व शॉर्टहैंड विषय की परीक्षा दी। यह पेपर शहर के निर्धारित केंद्रों पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।**

**10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा में अधिकांश प्रश्न एनसीआरटी आधारित रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर आसान था, अधिकांश सवाल एनसीआरटी आधारित रहे और पेपर का स्ट्रक्चर संतुलित रहा। अच्छी तैयारी करने वाले छात्रों के लिए यह पेपर स्कोरिंग साबित होगा।

छात्रों ने बताया कि कई सवालों ने उन्हें काफी उलझाया भी खासकर कुछ सेटों में कॉन्सेप्ट ने समय ज्यादा ले लिया, जिससे उत्तर पूरा करने में परेशानी हुई। छात्र अविरल शर्मा ने बताया कि गणित में सेट–2 और सेट–3 के प्रश्न काफी कठिन थे। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि कक्षा 10वीं के सभी छात्रों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है। परीक्षा में कम से कम तीन विषयों में उपस्थित नहीं होने वाले छात्रों को अनिवार्य पुनरावृत्ति श्रेणी में रखा जाएगा और वे केवल अगले वर्ष फरवरी में आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा में ही शामिल हो पाएंगे।





### कक्षा 12वीं का होगा डिजिटल मूल्यांकन

सीबीएसई की परीक्षाओं के लिए कक्षा 12वी की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली की शुरुआत की है, जबकि कक्षा 10 का मूल्यांकन पारंपरिक भौतिक माध्यम से ही जारी रहेगा। बढती तकनीक का प्रयोग अब बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन के लिए किया जा रहा है।

### कक्षा 10वीं के छात्रों को दो मौके

सीबीएसई ने 10वीं के छात्रों को परीक्षा के स्ट्रेस से बड़ी राहत दी है। अब छात्र एक ही शैक्षणिक वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे। मुख्य परीक्षा यह चल रही है,इसके बाद सुधार का मौका देने यदि कोई छात्र अपने नंबरों से संतुष्ट नहीं है, तो वह मई में होने वाली दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकता है। दोनों परीक्षाओं में से जिस भी सत्र में बेहतर अंक होंगे, उन्हें फाइनल माना जाएगा।

# झूलेलाल मंदिर में 41 बटुकों का जनेऊ संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री झूलेलाल मंदिर चकरभाठा में संत साईंलाल दास के सानिध्य में 41 बटुकों का विधिवत जनेऊ संस्कार कराया गया। इस अवसर पर माता-पिता पूजन दिवस भी श्रद्धा के साथ मनाया गया। इससे सनातन संस्कृति, श्रद्धा और पारिवारिक मूल्यों का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल एवं बाबा गुरुमुख दास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पं. पूरन शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार से 41 बटुकों को जनेऊ धारण करवाया। पूज्य सिंधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश जैसवानी ने जनेऊ संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनेऊ केवल एक धागा नहीं, बल्कि धर्म, अनुशासन और आत्मिक जागरण का प्रतीक है। उन्होंने भगवान झूलेलाल के अवतार की कथा का उल्लेख करते हुए सिंधी समाज में जनेऊ और चोटी के महत्व को समझाया तथा बटुकों को इसे सदैव सम्मानपूर्वक धारण करने की प्रेरणा दी। पं. शर्मा ने भी गायत्री मंत्र के नियमित जाप और जनेऊ के प्रत्येक सूत्र व गांठ के आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी। अनिल पंजवानी एवं रवि रुपवानी ने सिंधी भजन, संगीत की प्रस्तुति दी। अंत में संत साईंलाल दास ने सभी बटुकों को शॉल, माला पहनाकर आशीर्वाद प्रदान किया।



### जुड़े रहें अपने धर्म, संस्कृति से

संत साईंलाल दास ने कहा कि आज के युवा और बच्चे ऐसे कार्य करें जिससे उनके माता-पिता का नाम गर्व से ऊंचा हो। उन्होंने कहा कि माता-पिता का ऋण सात जन्मों में भी नहीं चुकाया जा सकता है। उनके चरणों में ही चारों धाम का वास है। माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म और तीर्थ है। उन्होंने युवाओं को अपनी संस्कृति, भाषा, धर्म व सत्संग से जुड़े रहने, नियमित अध्ययन करने, सेवा भाव अपनाने की प्रेरणा दी। साथ ही मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने और स्वस्थ व संस्कारित जीवन जीने का संदेश भी दिया।



### बच्चों ने माता-पिता से लिया आशीर्वाद

दोपहर में माता-पिता पूजन दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें जनेऊ धारण करने वाले सभी बटुकों ने अपने माता-पिता का तिलक लगा, माला पहना, आरती उतार और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इस भावुक क्षण ने माता-पिता के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया।



# वीरमद महायज्ञ व पार्वती जन्म प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु


**बिलासपुर।** श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं रुद्राभिषेक ने पूरे इलाके को भक्तिमय बना दिया है। नौ दिवसीय इस आयोजन में प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक रुद्राभिषेक और दोपहर 3 बजे से शिवमहापुराण कथा का वाचन हरि रस तक किया जा रहा है। गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं। अमावस्या पर कैलाश का दिव्य प्रसंग, वीरमद महायज्ञ का वर्णन फाल्गुन कृष्ण अमावस्या पर मंगलवार को कथा वाचक अमोरा वाले पंडित बुद्धेश्वर तिवारी ने हिमालय की पावन वादियों में स्थित कैलाश पर्वत का दिव्य प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि दैत्यों के अत्याचार से चिंतित देवताओं ने भगवान शिव की आराधना कर वीरमद महायज्ञ का आयोजन किया। इस महायज्ञ का उद्देश्य अधर्म का अंत और धर्म की पुनस्थापना था। ऋषि-मुनियों के मंत्रोच्चार और देव उपस्थिति के बीच यज्ञ पूर्ण हुआ और आकाशवाणी के माध्यम से शक्ति स्वरूपा देवी के अवतरण का संकेत मिला। भगवान शिव के उग्र स्वरूप कालभैरव की आराधना का भी विस्तार से वर्णन किया गया। उन्हें दुष्ट शक्तियों के संहार और धर्म रक्षा का प्रतीक बताया गया। इसके बाद पर्वतराज हिमवान और माता मेना के यहां देवी पार्वती के जन्म का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया गया।



# कलाकार कराएंगे सुर, ताल, लय की अनुभूति

**बिलासपुर।** भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की समृद्ध परंपरा को समर्पित दो दिवसीय भव्य शास्त्रीय संगीत समारोह का आयोजन 21 और 22 फरवरी को देवकीनंदन दीक्षित सभागार में किया जाएगा। संस्कृति विभाग के सहयोग से कला विकास केंद्र द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से होगा। इसमें कलाकार श्रोताओं को सुर, ताल, लय की अनुभूति कराएंगे। यह आयोजन रायगढ़ घराने के स्तंभ एवं प्रख्यात नृत्याचार्य पं. फ़िरतु महाराज की स्मृति में समर्पित है। समारोह का उद्देश्य रायगढ़ घराने की गौरवशाली सांगीतिक एवं नृत्य परंपरा को जन-जन तक पहुंचाना है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नृत्यांगना और कला विकास केंद्र की अध्यक्ष वासंती वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय शास्त्रीय कला से जोड़ना एवं वरिष्ठ व नवोदित कलाकारों को एक साझा मंच प्रदान करना है। दो दिनों तक चलने वाले इस सांस्कृतिक आयोजन में देश के प्रतिष्ठित शास्त्रीय गायक, वादक और नृत्य कलाकार अपनी उच्चकोटि की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को सुर, ताल, लय और भाव की अद्भुत अनुभूति कराएंगे।

- **पं. फ़िरतु महाराज स्मृति शास्त्रीय संगीत समारोह 21 से**



### कला को नई पीढ़ी में किया स्थापित

पं. फ़िरतु महाराज ने अपने जीवन को कला-साधना को समर्पित करते हुए रायगढ़ घराने की विशिष्ट शैली को सुदृढ़ एवं समृद्ध बनाया। उनके संरक्षण और मार्गदर्शन में अनेक शिष्यों ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की। उनका योगदान केवल मंचीय प्रस्तुतियों तक सीमित नहीं रहा बल्कि उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत रखते हुए कला के संस्कारों को नई पीढ़ी में स्थापित किया।

**अभियान**

## डीपी कॉलेज ने लगाया रासेयो शिविर, स्वच्छता का दिया संदेश



**बिलासपुर।** डीपी विप्र शिक्षा महाविद्यालय बिरकोना के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत नगोई उरैहापारा में लगाया गया है। इसमें ग्राम विकास, स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, स्वास्थ्य परीक्षण एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन का किया गया। मुख्य अतिथि रेखा गुल्ला सदस्य राष्ट्रीय सेवा योजना अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने प्री-आरडीसी चयन प्रक्रिया, नेत्रदान एवं देहदान जैसे महत्त्वपूर्ण सामाजिक विषयों के संबंध में जानकारी दी एवं स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि एम.एम. गुल्ला जिला उपाध्यक्ष सक्षम ने सड़क सुरक्षा एवं ग्राहक पंचायत की भूमिका पर प्रकाश डाला एवं एक जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया। धनेश रजक, रासेयो एयू ने राष्ट्रीय सेवा योजना में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि युवा शक्ति समाज परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत है।

**आयोजन**

## रीजन फोर की संयुक्त रीजन, जोन मीट में श्रेष्ठ क्लबों का सम्मान



**बिलासपुर।** रीजन चेयरपर्सन बी महेश कुमार, जोन चेयर पर्सन श्वेता शास्त्री जोन वन, सुषमा तिवारी जोन 2, आराधना दास जोन 3 की रीजन फोर से संयुक्त रीजन एवं जोन मीट चितवन फार्म हाउस में रखी गई। इसमें रीजन चेयरपर्सन बी महेश कुमार ने श्रेष्ठ क्लबों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ सुरेखा कौशिक, डॉ भूपेंद्र कौशिक, प्रकाश सोंथालिया, सुरेश साहू , दिलीप भंडारी, रीजन एडवाइजर एमजेएफ नितिन सलूजा एवं जीएलटी कोऑर्डिनेटर एमजेएफ आशीष अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रीजन चेयरपर्सन बी महेश कुमार ने की। दीप प्रज्ज्वलन व ध्वज वंदना के साथ सभा प्रारंभ की घोषणा की गई। कार्यक्रम में रीजन फोर के अंतर्गत आने वाले क्लब वसुंधरा, मिडटाउन, शक्ति, प्राइड, ज्योत्सना, केयर, हेल्थ केयर, स्माइल, वरदान, संकल्प, मस्तूरी, श्रीजन, कैपिटल आदि क्लब के पदाधिकारी, रश्मि लता मिश्रा, अर्चना तिवारी, विनीता मिश्रा, आरती साहू, अरविंद वर्मा, एम आशा, प्रीति चौरसिया, श्रद्धा खंडूजा आदि मौजूद रहे।

**बैठक**

## वेंकटेश मंदिर में राम नवमीं महोत्सव मनाने बनाई गई रूपरेखा



**बिलासपुर।** राम नवमीं महोत्सव मनाने श्री वेंकटेश मंदिर प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें महोत्सव की तैयारियों को लेकर विचार किया गया। रूपरेखा बनाई गई। शोभायात्रा को और अधिक भव्य, अनुशासित एवं जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाने पर चर्चा हुई। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर बिलासपुर नगर एक बार फिर राम नाम के जयघोष से गूंजने को तैयार है। प्रभु श्रीराम का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से श्रीराम नवमीं महोत्सव का आयोजन इस वर्ष भी 27 मार्च शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया जाएगा। इस दौरान आकर्षक झांकी के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप देने श्री वेंकटेश मंदिर प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, मार्ग व्यवस्था, सुरक्षा, सजावट, भजन-कीर्तन, झांकियों एवं सेवादारों की भूमिका को लेकर सुझाव दिए गए।

**कार्यक्रम**

## शिक्षा के साथ संस्कार बच्चों को मोटिवेशन के लिए शिक्षा जरूरी



**बिलासपुर।** शासकीय हाई स्कूल सीपत टेकर को स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा के द्वारा विद्यालय को पंखे भेंट किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम गोपाल करियारे उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को याद रखने की युक्तियां बताई, शिक्षा जगत के प्रसिद्ध श्री राम दत्त गौरहा जी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आपने बच्चों को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्य नसीम बेगम ने सभी अभ्यागतों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा, सदस्य श्वेता सिंह, रमैया मैडम , आर्यन तिवारी, शिक्षा जगत के श्री राम दत्त गौरहा, प्रधान पाठक आशुतोष तिवारी, शासकीय हाई स्कूल प्राचार्य नसीम बेगम ,व्याख्याता अर्जुन सोनवानी, रेवती शर्मा,आशा पटेल, राम कश्यप,अरविंद गिरी गोसाई तथा मिडिल और हाई स्कूल के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**स्पोटर्स न्यूज**

# मुगल लीजेंड ने जीती एपीजे अब्दुल कलाम ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंडियन मुस्लिम प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता मे एपीजे अब्दुल कलाम ट्रॉफी पर मुगल लीजेंड्स का कब्जा हुआ है। विजेता टीम मुगल लीजेंड्स के खिलाड़ियों को 1 लाख 1 हजार 786 रुपए नगद पुरस्कार अतिथियों ने प्रदान किया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष तौसीफ खान ने बताया कि फाइनल मुकाबला मुगल लीजेंड्स व अल हिंद लाइंस के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुगल लीजेंड्स की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में तीन विकेट खोकर 112 रन बनाएं। अली ने नाबाद 53 रन, महताब ने 19 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अल हिंद लायंस की टीम 7 विकेट के नुकसान पर 95 रन ही बना सकी। 17 रन से यह मैच जीतकर मुगल लीजेंड्स ने एपीजे अब्दुल कलाम ट्रॉफी पर कब्जा किया।

फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच मेहताब खान, बेस्ट विकेट कीपर मुजम्मिल सिद्दीकी, जीनत अल्टीमेट वॉरियर्स, बेस्ट फील्डर अलीम खान मुगल लीजेंड्स, बेस्ट फील्डर रज्जी खान इर्ज़ा सुपर किंग, इमर्जिंग प्लेयर मोहम्मद साद अर्सलान फाइटर, डिसिप्लिन टीम ग़दीर स्पार्टन, बेस्ट बॉलर शोएब शेखानी जीनत अल्टीमेट वॉरियर्स, बेस्ट बैट्समैन जानू खान अल हिंद लायंस, मैन ऑफ़ द सीरीज मरहूम फिरोज कुरैशी की याद में दानिश अली मुगल लीजेंड्स, उपविजेता अल हिंद लाइंस को 55786 रुपए व ट्रॉफी मरहूम अब्दुल रशीद की याद में व विजेता टीम को 110786 रु व ट्रॉफी मरहूम अब्दुल समद लल्ला भाई की याद में प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अतिथि वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज अध्यक्ष , विधायक अटल श्रीवास्तव ,दिलीप लहरिया, पूर्व नेता सभापति शेख नजीरुद्दीन,महेश दुबे हिमांशु जैन, प्रिंस भाटिया, नीतू श्रीवास्तव, वाहिद खान, धीरेंद्र बाजपेई, अभिनव तिवारी ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया। तौसीफ खान ने विधायक अटल श्रीवास्तव तथा नीतू श्रीवास्तव का स्मृति चिन्ह से सम्मान किया।






# रेलवे : इलेक्ट्रिकल विभाग की टीम बनी विजेता

रेलवे में चल रही अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इलेक्ट्रिकल विभाग की टीम ने फाइनल मुकाबला जीतकर चैम्पियन होने का गौरव हासिल किया है। रेलवे के नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में अंतर विभागीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें रेल कर्मचारी सहित महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

फुटबॉल प्रतियोगिता के तृतीय स्थान के लिए परिचालन विभाग और इंजीनियरिंग विभाग के मध्य मैच खेला गया। परिचालन विभाग की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और यह मैच परिचालन विभाग ने 2-1 के स्कोर से जीत लिया। मैच में इंजीनियरिंग विभाग के विश्वनाथ हेम्ब्रम ने 1 गोल किया एवं परिचालन विभाग के अजीत मिश्रा ने 1 गोल किया तथा सुमीत लाम्बा ने 1 शानदार गोल किया एवं इस मैच के मैन आफ द मैच सुमीत लाम्बा बने। दूसरा मैच रेलवे के रिटायर कर्मचारियों जो 60 वर्ष से अधिक हैं उनके दो टीमों महाकाल स्पोर्टिंग क्लब बाबजी एवं एकता स्पोर्टिंग क्लब केके राव के मध्य खेला गया। निर्धारित समय तक दोनो ही टीमों ने कोई गोल नहीं कर पाई। पेनालटी शूटआउट में भी दोनो टीम बराबरी पर रही। इस मैच का निर्णय टॉस कराकर किया गया, जिसमें जिसमें एकता स्पोर्टिंग क्लब केके राव ने जीत दर्ज की। मैन आफ द मैंच एकता स्पोर्टिंग क्लब केके राव के प्रकाश साहू बने। प्रतियोगिता का अंतिम मैंच फाइनल मुकाबला इलेक्ट्रिकल विभाग एवं मेकेनिकल विभाग के मध्य खेला गया। इलेक्ट्रिकल विभाग की टीम का बहुत अच्छा तालमेल होने से टीम को पूरा फायदा और सफलता प्राप्त हुआ। यह मैच इलेक्ट्रिकल विभाग ने 2-0 से जीत लिया।



# आल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी में धनीराम चयनित

आल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर के हॉकी खिलाड़ी और सेजेस के स्पोर्टस अफसर डॉ. धनीराम यादव का चयन किया गया है। ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी पुरुष महिला प्रतियोगिता का आयोजन झिलमिल एसबीवी अशोक नगर नई दिल्ली में 17 से 28 फरवरी तक आयोजित है। प्रदेश टीम के चयन के लिए स्पर्धा रायपुर में आयोजित की गई थी, जिसमें बेहतर प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश के 18 सदस्यीय हॉकी टीम का चयन किया गया। रायपुर में 9 से 13 फरवरी तक प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था। छत्तीसगढ़ की टीम में प्रवीण कुमार बैक, विमल लकड़ा, अभय एक्का, सुरेश लकड़ा, विशाल, तौफीक अहमद, सुखदेव निर्मलकर, डॉ. धनीराम यादव, खोगेश्वर बाग, आशुतोष कुजूर, विजय कुमार तिग्गा, रवि शंकर कुजूर ,अनुज तिग्गा, विजय, प्रियांशु सिंह, शैलेंद्र एक्का, बसंत कुजूर, टीम कोच कश्मीर खलखो, मैनेजर अनिल कुमार, महिला टीम श्वेता शिंदे, ज्योति, रीता साहू, संजू साहू, रश्मि, संध्या एक्का, भावना गुप्ता, हर्ष साहू, सविता चंद्राकर, सुमन यादव, लिली ग्रेस, किंडो जसमोतीन, दुर्गा, माया यादव, तुलसी साहू, मोनिका बरगड़े, भारतीय रजक, भारती साहू, माया यादव, तुलसी साहू, शोभा, यामिनी शुक्ला शामिल हैं।



## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत का प्रतिनिधिमंडल प्रशिक्षण लेने मुंबई रवाना



**बिलासपुर।** जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार तथा जिला सीईओ संदीप अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज जिला पंचायत के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप सहित 14 जिला पंचायत सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दुरंतो एक्सप्रेस से मुंबई के लिए रवाना हुआ। यह प्रतिनिधिमंडल राज्य के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सहभागी होगा। यह प्रशिक्षण चौथे बैच के रूप में बिलासपुर संभाग के जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण मुंबई स्थित प्रसिद्ध रामभाऊ महालाँधि प्रबोधनी संस्थान में 18 फ़रवरी से दिया जा रहा है, जहाँ पंचायत प्रतिनिधियों को ग्रामीण विकास, सुशासन, वित्तीय प्रबंधन, आजीविका संवर्धन, डिजिटल पंचायत व्यवस्था तथा सामुदायिक भागीदारी जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल महाराष्ट्र के आदर्श ग्रामों का अध्ययन भ्रमण भी करेगा। दल रालेगण सिद्धि तथा पुणे के समीप स्थित हिवरे बाजार जैसे उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों का अवलोकन करेगा। इन ग्रामों में जल संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता, पारदर्शी प्रशासन, कृषि उन्नयन एवं सतत विकास के सफल मॉडलों का अध्ययन कर प्रतिनिधि स्थानीय स्तर पर लागू करने योग्य नवाचारों की जानकारी प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत शिवानी सिंह ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के लिए इस प्रकार के अंतर राज्य आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी एवं परिणामकारी सिद्ध होते हैं।

### बिजौर में विज्ञान महाविद्यालय के सात दिवसीय शिविर का समापन



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय ई. राघवेंद्र राव विज्ञान महाविद्यालय द्वारा ग्राम बिजौर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। पूरे सप्ताह चले इस विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने ग्राम विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों के बीच सेवा, सहयोग और जागरूकता का संदेश प्रसारित किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मेयर पूजा विधानी, महापौर रहीं। मुख्य अतिथि श्रीमती विधानी ने कहा कि स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम बिजौर में स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, स्वास्थ्य परीक्षण, पौधारोपण तथा विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों के माध्यम से जो कार्य किए गए हैं। विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्राचार्य ने भी स्वयंसेवकों की अनुशासन, समर्पण एवं टीम भावना की सराहना की।

### परीक्षा से पहले बच्चों ने किया कानन जू का भ्रमण



**बिलासपुर।** फरवरी के अंतिम और मार्च से शुरु होने वाली परीक्षा से पहले ग्रामीण स्कूल के बच्चे बड़ी संख्या में कानन पेण्डारी जू पहुंचे, जहां उन्होंने जू का भ्रमण करने के साथ शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों की चहल कदमी देखने के साथ पिकनिक का भी मजा लिया। कानन पेण्डारी जू प्रबंधन ने स्कूल के बच्चों के लिए जू के अंदर प्रवेश करने की सुविधा देते हुए टिकिट दर में 50 फीसदी की छूट देकर रखी है। कानन पेण्डारी जू के आसपास ग्रामीण एरिया भी हैं, लेकिन वहां के स्कूल बच्चे जू का भ्रमण करने के लिए पहुंच नहीं पाते हैं। जू में विभिन्न प्रजातियों के मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों की जानकारी देने के लिए सभी केज के सामने बोर्ड लगाने के साथ कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं। गुरुवार की सुबह तखतपुर के आसपास के गांव में संचालित होने वाले स्कूल के करीब 150 से अधिक बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं कानन पेण्डारी जू में पहुंचे। बच्चों ने जू में पहुंचकर भालू, लायन, टाइगर, व्हाइट टाइगर, चीतल सहित अन्य प्रजातियों के वन्यप्राणियों के केज का भ्रमण करने के अलावा पिकनिक का भी मजा लिया। करीब दो से तीन घंटे तक बच्चे जू का भ्रमण करने के बाद दोपहर तीन बजे वापस हो गए।

---

**महीने के अंत तक भुगतान के निर्देश** | 721 रूपए प्रति क्विंटल मिलेगी अंतर की राशि

# मिलेगा बोनस, जमकर होली मनाएंगे जिले के सवा लाख किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली चार मार्च को है, लेकिन इससे पहले ही किसानों के हाथ में धान के अंतर की राशि आ चुकी होगी। प्रदेश सरकार द्वारा होली के पहले धान के अंतर की राशि का भुगतान करने की घोषणा की गई है।

- **जिले में 1 लाख 25 हजार किसानों ने बेचा था धान**

पूरी संभावना है कि फरवरी महीने के आखिर तक जिले के सवा लाख पंजीकृत किसानों के खाते में राशि पहुंच चुकी होगी। इस साल की होली जिले के किसानों के लिए कुछ खास हो सकती है, क्योंकि होली के पहले किसानों को बोनस का रूका हुआ पैसा मिल जाएगा। इस साल जिले में 1 लाख 25 हजार किसानों ने सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचा था। धान बेचने के बाद किसानों को फिलहाल केंद्र सरकार द्वारा घोषित 2 हजार 379 रूपए समर्थन मूल्य का भुगतान किया जा चुका है।



छत्तीसगढ़ में सरकार द्वारा धान का 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर पर भुगतान करने की घोषणा की गई थी। ऐसे में धान बेचने वाले प्रत्येक किसान का प्रति क्विंटल 721 रूपए का भुगतान अभी लंबित है। सरकार द्वारा लंबित राशि का भुगतान होली के पहले कर देने की घोषणा की गई है। पूरी संभावना है कि लंबित राशि का भुगतान फरवरी महीने के आखिर तक ही कर दिया जाए।

#### समर्थन मूल्य मिलने में ही काफी देर

सरकार ने एक तरफ जहां अंतर की राशि का भुगतान होली के पहले कर देने की घोषणा कर दी है, वहीं कई किसान अभी जिले में ऐसे भी हैं, जिनका समर्थन मूल्य ही काफी मशक्कत के बाद उनके खाते में पहुंचा है। भुगतान में देरी होने के कारण किसी गड़बड़ी की आशंका पर किसान लगातार समितियों एवं बैंकों में जाकर पतासाजी करते रहे, जिससे उन्हें खाते में ही रकम नहीं आने की जानकारी प्राप्त हुई। हालांकि आज की स्थिति में सारे किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान लगभग किया जा चुका है।

#### फरवरी के अंत तक भुगान किया जाएगा

किसानों को होली त्योहार के पहले ही अंतर की राशि का भुगतान किया जाना है। संभावना है कि फरवरी के अंत तक ही भुगतान कर दिया जाए।

-उपेंद्र कुमार, डीएमओ बिलासपुर

---

सीट के लिए यात्रियों में होने लगी मारामारी

# होली पर भीड़ कम करने चलेंगी 15 स्पेशल ट्रेनें, बुकिंग शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



होली पर्व में नार्मल ट्रेनो में भीड़ कम करने के लिए रेल प्रशासन ने एसईसीआर के तीनों डिवीजन में 15 स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है, जो संबंधित स्टेशनों के बीच एक से दो फेरे के लिए चलाई जाएगी। इन ट्रेनों के लिए रेल प्रशासन ने आरक्षण कार्यालय के साथ आईआरसीटीसी की आनलाइन में बर्थ की बुकिंग शुरु कर दी है।

मार्च माह के शुरुआती सप्ताह में होली का पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व को मनाने के लिए एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ शुरु हो गई है। इस भीड़ के कारण यात्रियों को कंफर्म टिकिट भी नहीं मिल पा रही है। यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए और उन्हें कंफर्म बर्थ की सुविधा के लिए रेलवे बोर्ड ने होली पर्व के दौरान 1410 से अधिक स्पेशल ट्रेन चलाने का आदेश जारी कर दिया है। इन 1410 होली स्पेशल ट्रेन में एसईसीआर बिलासपुर जोन को 15 स्पेशल ट्रेन चलाने का आर्डर है, जिसे बिलासपुर, रायपुर, नागपुर डिवीजन से चलाया जाएगा। इसके लिए रेल प्रशासन के अफसर सबसे अधिक उन रूट को देख रहे हैं, जिस रूट पर चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ होती है। संबंधित रूट के अनुसार वहां स्पेशल ट्रेन का परिचालन एक या दो फेरे के लिए शुरु किया जा रहा है। इसके तहत रेलवे ने गोंदिया से दरभंगा मार्ग की गाड़ियों में होने वाली भीड़ को देखते हुए होली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन गोंदिया से पटना के बीच एक फेरे के लिए करने का निर्णय लिया है। गोंदिया से ट्रेन 08861 नम्बर के साथ 2 मार्च को और पटना से 08862 नम्बर के साथ 3 मार्च को रवाना होगी। ट्रेन में दो एसएलआर, चार सामान्य कोच, आठ स्लीपर कोच, तीन एसी थ्री, एक एसी टू सहित 18 कोच की सुविधा यात्रियों को मिलेगी। गोंदिया से ट्रेन 11.00 बजे रवाना होकर डोंगरगढ़, राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर होते हुए दूसरे दिन 15.00 बजे पटना और पटना से 17.15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन 17.20 बजे बिलासपुर और गोंदिया रात 23.00 बजे पहुंचेगी।

## यह ट्रेन भी चलेगी

#### दुर्ग-मधुबनी चलेगी एक फेरे के लिए

दुर्ग से मधुबनी के बीच एक फेरे के लिए ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह गाड़ी दुर्ग से 08753 के साथ 1 मार्च को और मधुबनी से 08754 नम्बर से 2 मार्च को चलेगी। ट्रेन में दो एसएलआरडी, दो सामान्य, 9 स्लीपर, दो एसी थ्री सहित 18 कोच की सुविधा होगी। समय सारिणी के अनुसार ट्रेन दुर्ग से 00.30 बजे रवाना होकर रायपुर होते हुए देर रात 3.30 बजे बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, पुरी, बोकारो स्टील सिटी, चंद्रपुरा जंक्शन, कतरासगढ़, धनबाद जंक्शन, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह जंक्शन, झाझा, किऊल, बरौनी जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन होकर सुबह 4.45 बजे मधुबनी पहुंचेगी। वहीं मधुबनी से सुबह 6.15 बजे रवाना होकर बिलासपुर सुबह 9.50 बजे होते हुए दुर्ग 12.45 बजे पहुंचकर बंद हो जाएगी।

#### दुर्ग-निजामुद्दीन दो फेरे के लिए

दुर्ग–निजामुद्दीन–दुर्ग के मध्य दो-दो फेरों के लिए होली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या 08751 दुर्ग–निजामुद्दीन होली फेस्टिवल स्पेशल दुर्ग से 1 एवं 2 मार्च को दो फेरे चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08752 निजामुद्दीन–दुर्ग होली फेस्टिवल स्पेशल निजामुद्दीन से 2 एवं 3 मार्च को 2 फेरे के लिए चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दपूमरे के दुर्ग, रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया में दिया गया है। गाड़ी संख्या 08751 दुर्ग–निजामुद्दीन होली स्पेशल दुर्ग से 10.45 बजे रवाना होकर रायपुर, उसलापुर दोपहर 13.20 बजे, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दूसरे दिन, 11.10 बजे निजामुद्दीन पहुंचेगी।

#### बिलासपुर से चर्लपल्ली दो फेरा

गाड़ी संख्या 08263/08264 बिलासपुर–चर्लपल्ली और चर्लपल्ली से बिलासपुर स्पेशल ट्रेन का 1 फेरे के लिए परिचालन करेगी। यह स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 27 फरवरी एवं चर्लपल्ली से 28 फरवरी को चलेगी। स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 8 स्लीपर, 3 एसी-थ्री, एक एसी-टू सहित कुल 18 कोच रहेंगे। गाड़ी संख्या 08263 बिलासपुर–चर्लपल्ली स्पेशल बिलासपुर से 8.15 बजे रवाना होकर भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, वडसा, चांदाफोर्ट, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामगुंडम, काजीपेट जंक्शन होते हुए 23.50 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08264 चर्लपल्ली–बिलासपुर स्पेशल चर्लपल्ली से 5 बजे रवाना होकर 22.30 बजे बिलासपुर पहुंचेगी।

#### एक फेरा लगाएगी गोंदिया-छपरा

गाड़ी संख्या 08863/08864 गोंदिया से छपरा और छपरा से गोंदिया के बीच स्पेशल एक फेरे के लिए और 08865/08866 गोंदिया-छपरा-गोंदिया एक फेरे के लिए चलाई जाएगी। 08863 गोंदिया-छपरा स्पेशल एक मार्च को गोंदिया से रवाना होकर डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा होते हुए उसलापुर 23.41 बजे पहुंचकर 2 मार्च की देर रात 00.45 बजे छपरा पहुंचेगी। इसी तरह 3 मार्च को 4.45 बजे छपरा से रवाना होकर उसलापुर सुबह 6.08 बजे होते हुए 11 बजे गोंदिया पहुंच जाएगी। इसी तरह 08865 गोंदिया-छपरा 2 मार्च को गोंदिया से रवाना होकर 3 मार्च की देर रात 00.45 बजे छपरा और छपरा से 4.45 बजे रवाना होकर 5 मार्च को 11.00 बजे गोंदिया पहुंचेगी।

---

# 11 करोड़ का धान शार्टेज पर कोई कार्रवाई नहीं

**नोटिस देकर कर ली गई खानापूर्ति**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के चार संग्रहण केंद्रों में 45 सौ मीट्रिक टन धान के शार्टेज मामले में संबंधित संग्रहण केंद्र प्रभारियों पर आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई के नाम पर संग्रहण केंद्र प्रभारियों को केवल कारण बताओ नोटिस जारी किया गया व अगली कार्रवाई के लिए जवाब शासन को भेज दिया गया है। शासन स्तर पर इस मामले में अब तक कार्रवाई करना तो दूर की बात है, उल्टे सारे संग्रहण केंद्र प्रभारियों को उनकी पुरानी जगह पर ही यथावत रखा गया है।

- **सारे संग्रहण प्रभारी अपनी जगह यथावत**

जिले के चार संग्रहण केंद्रों करगीकला, मोपका, भरनीभाठा एवं बिल्हा में धान के बड़ी मात्रा में शार्टेज वाला मामला उजागर होने के बाद आज करीब डेढ़ महीने बाद भी मामले में दोषी संग्रहण केंद्र प्रभारियों पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई के नाम पर सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें सभी ने शार्टेज होने के पीछे अपना-अपना कारण लिखा था। संबंधितों के जवाब शासन को भेज दिए गए हैं, लेकिन जवाब भेजे एक महीने का समय हो चुका है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संग्रहण केंद्र प्रभारियों पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं करने के पीछे प्रदेश के अन्य जिलों में भी बड़ी मात्रा में धान शार्टेज के मामले सामने आना प्रमुख कारण है। सरकार द्वारा सारे मामलों में एक तरह की कार्रवाई करने की तैयारी है।

#### 5 सौ मीट्रिक टन धान अब भी संग्रहण केंद्रों में ही

जिले के चारों संग्रहण केंद्रों में कथित तौर पर वर्ष 2011-12 से लेकर अब तक के 55 सौ मीट्रिक टन धान रखे हुए थे। इसके विपरीत भौतिक परीक्षण कराए जाने पर यहां उठाव योग्य केवल 1 हजार मीट्रिक टन धान ही उपलब्ध होना पाया गया। हद तो यह है कि उठाव योग्य उस 1 हजार मीट्रक टन का उठाव भी पूरा नहीं किया जा सका है। आज की स्थिति में भी संग्रहण केंद्रों में 5 सौ मीट्रिक टन धान उठाव का इंतजार कर रहे हैं।

#### शासन को भेजा गया जवाब

सभी संग्रहण केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया था, जिसका जवाब शासन को भेज दिया गया है। अब जो भी कार्रवाई होनी है शासन स्तर से ही होनी है। संग्रहण केंद्रों में फिलहाल 5 सौ मीट्रिक टन धान उपलब्ध है। सारे संग्रहण केंद्र प्रभारी अपनी जगह पर ही पदस्थ हैं।

-उपेंद्र कुमार
डीएमओ बिलासपुर

#### इस साल शासन के बच जाएंगे करोड़ों रूपए

धान खरीदी केंद्रों से इस साल धान का उठाव कर संग्रहण केंद्र ले जाने के बजाए मिलिंग के लिए सीधे राइस मिल ले जाया जा रहा है। ऐसे में सरकार के ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर होने वाले खर्च की राशि पूरी तरह बच जाएगी। इसी तरह संग्रहण केंद्रों में उठाव का इंतजार करते हजारों मीट्रिक टन धान का सूखत के नाम पर होने वाली शार्टेज से भी इस साल निजात मिल सकेगी। इतना ही नहीं,बल्कि संग्रहण केंद्रों में धान की चौकीदारी के लिए रखे जाने वाले हमालों व अन्य कर्मचारियों के वेतन भुगतान के रूप में होने वाला खर्च भी बच सकेगा।

---

# इंटरकॉम से कनेक्ट होंगे सिम्स के वार्ड और विभाग

**बिलासपुर।** सिम्स में पहली बार सभी विभाग और वार्ड एक साथ कनेक्ट होंगे। इंटरकॉम के माध्यम से विभागों में सीधे सिम्स के अधीक्षक और डीन की दखल होगी और इस दौरान इलाज की गुणवत्ता, व्यक्तिगत तौर पर मरीजों की जानकारी अधीक्षक द्वारा ली जा सकेगी। वहीं सिम्स में लिए गए निर्णय की कसावट तत्काल और प्रभावी ढंग से अमल पर लाई जा सकेगी।

- **सिम्स की सूरत सुधारने की कवायद**

सिम्स में जल्द ही इलाज की गुणवत्ता सुधारने के लिए महत्वपूर्ण सुविधा लागू की जा रही है। इस दौरान अधीक्षक डॉ लखन सिंह के जद में क फोन कॉल के माध्यम से सभी वार्ड और विभागों में नजर रहेगी। इसका असर सीधे तौर पर विभागीय कामकाज पर पड़ेगा और कामकाज से कन्नी काटने वालों पर कार्रवाई भी होगी। बताया जा रहा है कि वार्ड और विभागों के बीच मिसकम्युनिकेशन के कारण सबसे ज्यादा समस्या मरीजों को उठानी पड़ती है, इस दौरान डाक्टर और नर्स के बीच भी कई बार बात नहीं होती है, जिससे मरीज की वस्तु स्थिति से डाक्टर अवगत नहीं हो पाते है, ऐसे में सभी वार्ड और विभागों में इंटर कॉम के माध्यम से जोड़ने की तैयारी की जा चुकी है। वर्तमान में 4 फ्लोर में कनेक्शन का काम जारी है, जिसके बाद इंटीग्रेटेड कनेक्शन द्वारा सूचना दे सकेंगे।

#### भव्य गेट से बढ़ेगी सिम्स की शोभा

सिम्स के गेट पर आने वाले मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में सिम्स प्रबंधन द्वारा 20 लाख रूपए खर्च कर भव्य गेट का निर्माण कराया जा रहा है, वहीं शेड का निर्माण भी मरीजों की सुविधाओं को देखते हुए किया जा रहा है, जिससे बारिश के दिनों में सीधे मरीज एमआरडी तक पहुंच सकेंगे। इस दौरान गेट पर लगने वाले ठेके और गुमटियों को भी हटाया जा सकेगा। गेट पर दो गार्ड की तैनाती की जाएगी।

#### एक माह में शुरू होगा इंटरकाम

हर निजी अस्पताल में विभाग और वार्ड एक दूसरे से संपर्क कर सूचनाएं साझा करते हैं, इससे गुणवत्तापूर्ण इलाज संभव हो पाता है और मरीज तक पहुंच सीधे डाक्टर की हो जाती है। सिम्स में एक माह के भीतर इंटरकॉम शुरू हो जाएगा।

**-डॉ लखन सिंह,** अधीक्षक
सिम्स अस्पताल

---

# पुराने मिसल रिकॉर्ड में नाम की गलती के कारण नहीं बन रहा प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टर साप्ताहिक जनदर्शन में आज राजस्व अभिलेखों में नाम सुधार, पुराने मिसल अभिलेख में त्रुटि संशोधन तथा जाति प्रमाण पत्र जारी करने से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए। कुछ आवेदकों ने आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने, किसान सम्मान निधि नहीं मिलने तथा बैंक एवं वित्तीय संस्था से संबंधित बकाया भुगतान की समस्याएं रखीं। इसके अलावा दुकान का जब्त सामान या राशि वापस दिलाने एवं आवास ऋण से जुड़ी शिकायतें की।



मंगलवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उनका आवेदन लेकर अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे और सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल ने लोगों की समस्याओं को सुना। जनदर्शन में आज बोदरी तहसील के ग्राम बोडसरा के छात्र दीपेश कुमार ने राजस्व रिकॉर्ड में हुई त्रुटि को लेकर कलेक्टर से सुधार की मांग की है। आवेदक का कहना है कि पुराने मिसल रिकॉर्ड में नाम की गलती के कारण उसका जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है, जिससे उसकी आगे की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। त्रुटि के कारण राजस्व रिकॉर्ड से जुड़े आवश्यक दस्तावेज नहीं बन पा रहे हैं, जिससे उसे शैक्षणिक और अन्य सरकारी प्रक्रियाओं में परेशानी हो रही है। कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने शासकीय तालाब के आने जाने के निस्तारी रास्ते पर सुखराम यादव द्वारा किए गए अवैध निर्माण कार्य को हटाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। वहीं नहरपारा लिटिया के कैलाश प्रसाद साहू ने किसान सम्मान निधि की राशि प्रदान करने गुहार लगाई।

शहर के वार्ड क्रमांक 36 बसंत भाई पटेल नगर के वासियों ने वार्ड में सीसी रोड, नाली, बिजली पोल एवं पानी पाइप लाइन लगाने की मांग की है। इसी तरह सकरी तहसील के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत कोपरा में तालाब निर्माण के लिए प्रस्तावित जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

---

## एजुकेशन प्लस

# जेईई मेन्स 2026 में सेंट जेवियर्स का शानदार प्रदर्शन



**बिलासपुर।** सेंट जेवियर्स हाईस्कूल विद्यालय के विद्यार्थियों ने जेईई मेंस 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के मेधावी छात्र अभिरूप सिंह हुंडल ने शानदार 99.02 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर असाधारण उपलब्धि हासिल की है, जो उनकी लगन, अनुशासन एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है।

- **अभिरूप ने 99 .02 पर्सेंटाइल प्राप्त कर रचा कीर्तिमान**

वहीं देव प्रताप सिंह ने भी 93.89 पर्सेंटाइल अर्जित कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया और विद्यालय की उपलब्धियों में गौरव जोड़ा। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस 2026 के लिए भी सफलता पूर्वक अर्हता प्राप्त की है। इसमें मेहुल बर्मन,भाव्या सूर्यवंशी, फूलचंद साहू शामिल हैं। यह सफलता विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, सतत मार्गदर्शन तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीबी महता एवं जेएस हुंडल ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के लिए बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन के सीएमडी डॉ. जीएस पटनायक, डायरेक्टर सुश्री लेखाश्री पटनायक, सुश्री दिव्याश्री पटनायक, सुप्रिया ए. पी. (मैनेजमेंट मेंबर), सीईओ ए. सामंतराय, पी. वी. मिस्त्री , उप प्राचार्या रंजना बहादुर, प्रधानाध्यापिका ए. ललिता ने विद्यार्थियों उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षकों की समर्पित मेहनत तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग की भी सराहना की। जिनके मार्गदर्शन ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जेईई में संकल्प लर्निंग क्लासेज की धमाकेदार शुरुआत



**बिलासपुर।** संकल्प लर्निंग क्लासेज ने अपने पहले ही साल में जेईई मेन के पहले अटेम्प्ट में शानदार परिणाम देकर सबको चौका दिया है।

शिक्षक मुकेश के कुशल गाइडेंस और बच्चों की प्रतिभा ने मिलकर संकल्प को सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। प्रथम प्रयास में ही संकल्प लर्निंग क्लासेज के छात्रों ने जेईई मेन के पहले अटेम्प्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने संस्थान का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि संकल्प की शिक्षण पद्धति और समर्पित टीम छात्रों को सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने में सक्षम है। संकल्प लर्निंग क्लासेज के निदेशक मुकेश ने कहा कि हम अपने छात्रों की सफलता से बेहद खुश हैं। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है और हमें आगे भी इसी तरह की सफलता के लिए प्रेरित करता है। संकल्प लर्निंग क्लासेज जेईई और नीट की तैयारी के लिए एक आदर्श संस्थान बनने की दिशा में अग्रसर है, और इस शानदार शुरुआत के साथ, भविष्य में और भी उज्ज्वल परिणाम देने के लिए तैयार है। इसमें पारुल सिंग 93.29 परसेंटाइल, अक्ष पाटिल 93.24 परसेंटाइल, अल्तमास अली 92.46 परसेंटाइल, रोहित साहू 87.23 परसेंटाइल, केशव साहू 85 परसेंटाइल, रूपेश बरेठ 81 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की है। इसके अलावा रोशन कुमार साहू 91. 35, तुषार बर्नवाल 97.42, चिंगराग पाण्डा 93 परसेंटाइल अंक प्राप्त किया है। संकल्प लर्निंग क्लासेज के निदेशक मुकेश ने बताया कि लर्निंग क्लासेज में बच्चों को विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त होता है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, दो की मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया कि सोमवार की रात करीब 11.30 बजे पिपरतराई निवासी प्रकाश लहरे पिता कमल लहरे 21 साल, आयुष अनंत पिता अश्वनी अनंत 16 साल बाइक से कोटा की ओर आ रहे थे। अमने मोड़ पर गाड़ी मोड़ते समय उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में दोनों के सिर में गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायल युवकों को इलाज के लिए कोटा अस्पताल लेकर पहुंची। डाक्टर ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया है।

### उठाईगीरीः बिहार के दो युवक होटल से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जांजगीर,कोरबा में उठाईगीरी करने वाले बिहार के दो युवकों को पुलिस ने शहर के एक होटल से पकड़ लिया है। जांजगीर एसीसीयू टीम युवकों को अपने साथ ले गई है। पिछले दिनों जांजगीर में बैंक के पास एक व्यक्ति से बाइक सवार युवक नकद रकम चोरी कर भाग गए। उसके बाद कोरबा में भी बैंक के पास एक व्यक्ति से बाइक सवार युवक नकद रकम चोरी कर भाग गए थे। जांजगीर व कोरबा पुलिस उठाईगीरों की पतासाजी में लगी हुई थी। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से जांजगीर एसीसीयू व बिलासपुर एसीसीयू की टीम ने मंगलवार को पुराना बस स्टैण्ड के पास एक होटल में दबिश देकर बिहार के दो उठाईगीर को पकड़ लिया है। उनके पास से उठाईगीरी में प्रयुक्त बाइक जब्त की गई है। युवकों ने बाइक को जिला अस्पताल की पार्किंग में रख दिया था। बहरहाल जांजगीर एसीसीयू टीम दोनों उठाईगीरों को जांजगीर ले गई है। उसके अन्य साथियों की पतासाजी की जा रही है।

### शाखा डाकघरों में स्पीड पोस्ट बुकिंग की सुविधा

**बिलासपुर।** डाक विभाग द्वारा आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब शाखा डाकघरों में भी स्पीड पोस्ट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस सेवा के माध्यम से नागरिक अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज, आवेदन पत्र, पार्सल एवं अन्य सामग्री को तेज, सुरक्षित एवं विश्वसनीय तरीके से देश के किसी भी हिस्से में भेज सकते हैं। स्पीड पोस्ट बुकिंग के लिए अब मुख्य डाकघर या उपडाकघर जाना अनिवार्य नहीं है, बल्कि नागरिक अपने नजदीकी शाखा डाकघर से ही यह सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। डाक विभाग के अनुसार यह सेवा विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के निवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। अधिक जानकारी के लिए नागरिक अपने नजदीकी शाखा डाकघर से संपर्क कर सकते हैं तथा डाक विभाग की इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

### सिम्स के सामने मवेशियों का जमावड़ा

**बिलासपुर।** सिम्स के मुख्य द्वार पर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे रिवर व्यू से सिम्स आने वाले लोगों को इनका सामना करना पड़ता है। मवेशियो के आतंक व भय के कारण लोग अपना मार्ग बदलकर सिम्स पहुंचते हैं, वहीं सिम्स आने वाले मरीज व परिजन परेशन होते हैं।

गुणवत्ता युक्त बिजली की जरूरत

बिजली बंद के कारण फूटा गुस्सा, कहा- बिजली टैरिफ बढ़ाने से पड़ेगा भार

# नियामक आयोग की जनसुनवाई में भड़के उद्योगपति, कंपनी नहीं दे पा रही पर्याप्त बिजली

**बिलासपुर।** बार-बार बंद होती बिजली को लेकर उद्योगपतियों को गुस्सा नियामक आयोग के जनसुनवाई में फुट पड़ा, लघु उद्योगों के प्रतिनिधियों ने बिजली अधिकारियों उपस्थिति में टैरिफ बढ़ाने का कड़ा एतराज जताया है।





उद्योगपतियों ने कहा कि स्टील इंडस्ट्री को 24 घंटे बिजली दी जाती है, जबकि लघु व मध्यम उद्योगों को खराब क्वालिटी की बिजली सप्लाई होती है, ऐसे में ट्रैरिफ बढ़ाकर आम लोगों की जेब में ढाका डालने सही नहीं है।

दरअसल टैरिफ बढ़ोत्तरी को लेकर बिजली कंपनियां नए टैरिफ प्लान लाना चाह रही है, कंपनी का कहना है कि हर साल 5 हजार करोड़ का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसे लेकर नियामक आयोग जनसुनवाई कर रहा है। मंगलवार को बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगांव के लिए ऑनलाइन जनसुनवाई आयोजित की गई। सीएसपीडीसीएल मुख्य अभियंता कार्यालय तिफरा में विडिओ कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई की गई। जिसमें नियामक आयोग के तकनीकी सदस्य अजय सिंह, विवेक गनोतवाले प्रभारी अध्यक्ष एवं लीगल सदस्य उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष सीएम बाजपाई उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता अलोक अम्बस्ट, एडिशनल सीई डीके भोजक, एसई परस राम साहू, एसई सुरेश जांगड़े उपस्थित रहे। इस दौरान छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष सतीश शाह, महासचित शरद सक्सेना शामिल हुए। श्री केडिया ने नियामक आयोग के सदस्यों से चर्चा की और कहा कि टैरिफ बढ़ाने के बजाए कंपनी को गुणवत्ता युक्त बिजली देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग को कंपनी से सहयोग की आवश्यकता है। सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला सेक्टर होने के बाद भी पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। पिछले साल बिजली बंद का जिस तरह से सामना करना पड़ा है इसका असर उद्योगों में पड़ चुका है। उद्योगति बिजली टैरिफ दरों की बढ़ोत्तरी का पूरी तरह से विरोध करता है। सतीश शाह ने भी दरों में बढ़ोत्तरी का विरोध किया और कहा कि स्टील सेक्टर को विशेष पकेज मिलाना चाहिए। महसचिव शरद सक्सेना ने कहा कि जीडीपी व रोजगार देने वाले लघु उद्योग सेक्टर को टैरिफ बढ़ाकर भार देना प्रदेश के हित में नहीं है।

### दोनों तरीके से हो रही है जनसुनवाई

बिलासपुर सहित अन्य जिलों में ऑनलाइन के माध्यम से जनसुनवाई की जा रही है। सीएसईआरसी द्वारा पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य के दूर-दराज क्षेत्रों के विभिन्न उपभोक्ताओं को उक्त जनसुनवाई की प्रक्रिया में हिस्सा लेने का अवसर दे रही है। जिससे यह कयास लगाए जा रहे है कि इस बार टैरिफ का दर बढ़ना तय है, ऐसे में कंपनी व नियामक आयोग विरोध से बचने के लिए जनसुनवाई कर रहा है। इस दौरान आम जनता, किसान और उद्योगपतियों से सुझाव व आपत्तियाँ दर्ज ली जा रही है। 19 फरवरी को रायपुर में ऑफ लाइन जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में बिलासपुर को देश भर में दूसरा स्थान मिला था

# स्वच्छता सर्वेक्षण, अगले सप्ताह आएगी केन्द्र की टीम, लेकिन शहर अभी तैयार ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के लिए केन्द्र की टीम मार्च के पहले सप्ताह में बिलासपुर पहुंच सकती है। टीम 10 से अधिक बिंदूओं पर जांच करेगी लेकिन शहर फिलहाल इसके लिए तैयार नहीं है।

- **दूसरा स्थान बरकरार रखने की बड़ी चुनौती**

सबसे बड़ी बात यह कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में बिलासपुर को देश भर में दूसरा स्थान मिला था। ऐसे में चुनौती बड़ी है। इससे पहले 2023 में बिलासपुर 28वें स्थान पर था और आशंका इस बात की है कि इस बार रैंकिग पिछड़ मत जाए। फिलहाल हालत यह है कि कचरा कलेक्शन सभी वार्डों में नहीं हो रहा तो पूरा शहर खास तौर पर वाल पेटिंग और दीवारें बदरंग पड़ी हैं। नालियों की सफाई ठीक से नहीं हो सकीं हैं तो नए वार्ड जो जुड़े हैं वह अभी भी बदहाली के शिकार हैं।

ध्यान रहे कि केंद्रीय शहरी आवासन मंत्रालय ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए टूल किट जारी कर दिया है। इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में कुल अंक बढ़ाकर 12,500 कर दिए गए हैं। इनमें 10,500 अंक स्थल आधारित मूल्यांकन से जुड़े हैं। ऐसे में रेड और येलो स्पॉट जैसे दृश्य रैंकिंग को ऊपर या नीचे ले जाने में भूमिका निभाएंगे। यानी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शहरों की रैंकिंग अब साफ दिखाई देने वाली गंदगी से सीधे तय होगी। खुले में पेशाब से बनने वाले येलो स्पॉट और दीवारों पर पान-गुटखा से बने रेड स्पॉट अब केवल शिकायत तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि इनके आधार पर सीधे अंक कटेंगे और रैंकिंग प्रभावित होगी।



बुधवारी रेलवे स्कूल बाउंड्रीवाल के पास फेंका जा रहा कचरा, फैल रही गंदगी।

### यह है शहर की हालत

**डोर टू डोर कचरा कलेक्शनः** पूरे शहर में 100% घरों से कचरा उठाने की व्यवस्था का दावा किया जा रहा है। पुराने वार्डों में निजी कंपनी और नए वार्डों में स्वच्छता दीदियों काम कर रहीं ऐसा कहा जा रहा लेकिन नागरिकों के मुताबिक गाड़ियां पहुंचती ही नहीं।

**नई कचरा गाड़ियांः** नए जुड़े क्षेत्रों में कचरा कलेक्शन बेहतर करने के लिए 36 नई गाड़ियां खरीदी गई, जिससे कि पूरे शहर में कुल 162 गाड़ियां काम करने का दावा लेकिन शहर में तो ठीक लेकिन नए वार्डों की शिकायत रोजाना की जा रही है।

**स्वच्छता कर्मचारियों की बढ़ोतरीः** सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 2063 की गई और सफाई क्षेत्र (बीट्स) को 750 तक बढ़ाया गया है लेकिन कर्मचारियों के नहीं पहुंचने की शिकायत लोग लगातार कर रहे हैं।

स्वच्छता पेट्रोल टीमः शहर में घूम-घूमकर गंदगी फैलाने वालों पर नजर रखने और जुर्माना लगाने वाली टीम बनाई गई है। इस टीम पर लगातार दुकानदारों से वसूली की शिकायत मिल रही है। कई बार विवाद की स्थिति भी बन चुकी है।

**शौचालयों का सुधारः** शहर के 79 सार्वजनिक शौचालयों का जीर्णोद्धार करते हुए सभी में फीडबैक मशीनें लगाई गईं थीं। अब शौचालय गंदे पड़े हैं तो मशीनें खराब हो गईं हैं।

**अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाईः** अवैध बैनर और होर्डिंग्स शहर की खूबसूरती को बिगाड़ रहे हैं। निगम का ध्यान इस तरफ बिलकुल नहीं है। एक दो मामले में पेनाल्टी और नोटिस जारी कर चुप्पी साध ली गई है। लिंक रोड़, तारबहार, दयालबंद रोड और सरकंडा में अवैध बैनर और होर्डिंग्स देखे जा सकते हैं।

### जो कमियां है उसे दूर करेंगे

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए शहर पूरी तरह तैयार है। जो कमियां हैं उसे भी दूर कर लिया जाएगा। कोशिश रहेगी की इस बार देश भर में नंबर वन स्थान हासिल किया जा सके।

**- पूजा विधानी**
महापौर

# 15 स्कूलों को नोटिस, अपार आईडी बनाने में लापरवाही

## 28 फरवरी तक हर हाल में पूरा करना है काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




अपार आईडी बनाने में लापरवाही बरतने वाले 15 स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है। समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि 28 फरवरी तक समय सीमा में कार्य पूरा नहीं होने, अपार आईडी एवं आधार नंबर की एंट्री पूरा नहीं करने पर इन स्कूलों की मान्यता रद्द की जाएगी। नोटिस का जवाब भी सात दिन में मांगा गया है।

ध्यान रहे कि जिले में समस्त शासकीय अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अपार आईडी निर्माण का कार्य यूडाइस पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें जिला कार्यालय के बार-बार निर्देश के बाद भी कई विद्यालयों में अपार आईडी निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। इसी कारण बच्चों के आधार नंबर की एंट्री यूडाइस पोर्टल में नहीं की गई है। समग्र शिक्षा की ओर से इसे लापरवाही माना गया है। जिला समन्वयक ओम पांडे ने बताया कि मामले में स्कूलों से जवाब मांगा गया है।

गौरतलब है कि एक राष्ट्र एक छात्र की संकल्पना के साथ अब विद्यार्थियों को एक विशेष आइडी बनाई जा रही है, जिसे अपार नाम दिया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र ने कक्षा नर्सरी से 12 तक के विद्यार्थियों की अपार आइडी तैयार करने के निर्देश पहले ही दिया था लेकिन कभी सर्वर तो कभी बच्चों के आधार कार्ड रुकावट पैदा कर रहें हैं। ज्ञात हो कि अपार आइडी 12 अंकों का एक कोड है, जो विद्यार्थी के आधार से लिंक रहेगी।

9 से 12वीं तक के सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की बनाई जाने वाली आइडी का काम जिला शिक्षा केंद्र और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन द्वारा किया जा रहा है।

### प्रक्रिया में आ रही समस्याएं

ज्यादातर समस्याएं आधार कार्ड से संबंधित हैं। बच्चों के आधार कार्ड में नाम, स्पेलिंग, जन्म तिथि या पता सही नहीं होने के कारण जानकारी मिलाने में परेशानी आ रही है। आधार में सुधार करवाने में तीन दिन से लेकर एक सप्ताह का समय लग रहा है। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वर की समस्या भी उत्पन्न हो रही है, जिससे प्रक्रिया में देरी हो रही है।

# एलेक्जेंडर पैराकिट सहित पकड़ा गया आरोपी

**बिलासपुर।** वन विभाग की टीम ने भारत के हिमालय में पाए जाने वाले एलेक्जेंडर पैराकिट शेडयूल 2 के बेचने के फिराक में घूम रहे आरोपी को पकड़ा है। विभाग ने आरोपी के खिलाफ वन्यप्राणी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए रिमांड पर जेल भेज दिया है।



आरोपी।



विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एलेक्जेंडर पैराकिट देश में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची एक के अंतर्गत आता है, जिसका अर्थ है कि इसे अनुसूची दो की तुलना में सर्वोच्च संरक्षण प्राप्त है। यह एक संकटग्रस्त प्रजाति है, जिसे पालतू बनाना, खरीदना बेचना या कैद में रखना पूरी तरह से प्रतिबंधित और दंडनीय अपराध है। यह देश का सबसे बड़ा पैराकिट है जो अपनी गर्दन पर लाल छल्ले और पंखों पर लाल धब्बों के लिए जाना जाता है, जो पहाड़ी क्षेत्रों, सघन वन व हिमालय के तराई क्षेत्रों में पाया जाता है। इसकी बनावट एक तोते की तरह ही होती है। प्रतिबंध के बाद भी एलेक्जेंडर पैराकीट शेडयूल 2 को बेचने की सूचना मुखबिर से प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही अपोलो के पास वन विभाग की टीम उड़नदस्ता प्रभारी शिवकुमार नाग, वन पाल मुकेश साहू, दिलीप ठाकुर, कलेशपाल सहित अन्य स्टाफ ने तत्काल दबिश दी और घेराबंदी कर एलेक्जेंडर पैराकीट शेडयूल 2 को बेचने वाले आरोपी लिंगियाडीह निवासी साहिल खरे पिता श्याम प्रसाद खरे को पकड़ा गया।

आरोपी के पास से एलेक्जेंडर पैराकिट को जब्त करने के बाद वन्यप्राणी अधिनियम की धारा 9, 39, 51 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।


### अवैध वसूली व धमकी की शिकायत पर आरक्षक लाइन अटैच

**बिलासपुर।** एसएसपी ने अवैध वसूली व धमकी देने की शिकायत पर आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया है। सकरी बंधवापारा निवासी जस्तकीन खान ने एसएसपी से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि सकरी थाने में पदस्थ आरक्षक सुमंत कश्यप द्वारा लगातार अवैध वसूली की जा रही है। मना करने पर उन्हें झूठे प्रकरण में फंसाने और दुकान बंद करा देने की धमकी दी जाती है। शिकायत के बाद उनका सीएसपी कार्यालय में बयान दर्ज कराया गया और कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। किन्तु अब तक आरक्षक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है आरक्षक उनकी दुकान से डीजल लेकर गया था। शिकायत करने पर डीजल वापस कर दिया था। उसके बाद से रंजिश रखने लगा। उनके रिश्तेदार की दुकान से डीजल ले जाने और जेल भेजने की धमकी देते हुए एक लाख रुपए लेने का भी आरोप लगाया गया है। मंगलवार को एसएसपी रजनेश सिंह ने आरक्षक सुमंत कश्यप को लाइन अटैच कर दिया है।

# नेपाल के युवक की किराए के मकान में फांसी पर लटकी मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेपाल के युवक की किराए के मकान में फांसी पर लटकी लाश मिली है। नेपाल का स्थाई पता नहीं मिलने से उसका शव सिम्स के मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



सरकण्डा थाना के एसआइ जेपी निषाद ने बताया कि नेपाल निवासी मुकेश कुमार पिता कलसिंह 28 साल पिछले 12 साल से लिंगियाडीह पुरानी बस्ती निवासी प्रकाश केसरी के यहां किराए के मकान में रह रहा था। पहले वह स्वयं मोमोज, फास्टफूड का ठेला चला रहा था। काम धंधा ठप होने के कारण वह बसंत विहार में मोमोज, फास्टफूड ठेला चलाने वाले नेपाल निवासी मुकुंद के पास 1 फरवरी से मिस्त्री का काम कर रहा था। उसने मुकुंद से एडवांस में 30 हजार रुपए लिए थे। रोज सुबह वह 8 बजे ठेला में आ जाता था। मंगलवार की सुबह 9 बजे तक मुकेश काम पर नहीं आया तो मुकुंद ने उसे फोन लगाया। फोन नहीं उठाने पर मुकुंद उसके घर गया तो दरवाजा बंद था। धक्का देने पर दरवाजा खुला, अंदर जाकर देखा तो मुकेश कुमार फांसी पर लटका मिला।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फंदा खोलकर शव नीचे उतारा। कमरे से उसका आधारकार्ड मिला है, जिसमें यहां का पता लिखा है। पुलिस उसके परिजन की पतासाजी में जुट गई है और मर्ग कायम कर लिया है।

### मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 24 तक

**बिलासपुर।** मध्यप्रदेश शासकीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित बिलासपुर की मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 24 फरवरी तक समिति कार्यालय में आरपी वर्मा के समक्ष एवं कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता, पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग में लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# बाघ और बाघिन ने मचाई ग्रामीण इलाके में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बाघ के बाद अब दूसरे दिन बाघिन के पग मार्क के कारण ग्रामीण इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। इसकी पुष्टि वन विकास निगम के कर्मचारियों ने की है, जिसके बाद क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में अलर्ट रहने के साथ मुनादी शुरु करा दी गई है।

कोटा वन परिक्षेत्र और वन विकास निगम के क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बाघिन और उसके शावकों का मूवमेंट नजर आ रहा था। ग्रामीणों ने बाघिन के साथ शावकों को भी तालाब में पानी पीते हुए देखा, जहां उनके पग मार्क भी मिले थे। इसकी सूचना मिलते ही कोटा वन परिक्षेत्र और वन विकास निगम के अधिकारी-कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां पग मार्क देखने के बाद बाघिन और उसके साथ दो शावकों की भी पुष्टि की गई थी। इस दौरान बाघिन ने नेवसा और पटैता के आसपास ग्रामीण क्षेत्र में जाकर मवेशियों का शिकार भी किया था। वन विकास निगम और कोटा वन परिक्षेत्र में



फाइल फोटो

शावकों के साथ बाघिन का मूवमेंट देखने के लिए स्टाफ को निगरानी का आदेश दे दिया। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में मुनादी कराकर लोगों को बाहर नहीं निकलने की सलाह भी दी गई। विभाग के अफसरों ने अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने बाघिन और शावकों को ट्रैप करने के लिए कैमरा लगाने सहयोग मांगा था। एटीआर प्रबंधन ने मौके पर ट्रैप कैमरा लगा दिया, जिसमें बाघिन और शावकों के बजाय बाघ की तस्वीर कैद हो गई।

विभागीय अफसरों ने बाघिन व शावकों के अचानकमार टाइगर रिजर्व में वापस जाने की संभावना व्यक्त करने के बाद बाघ के आने की पुष्टि की। यह बाघ कहां से आया और किस जगह का था, यह जानकारी किसी के पास नहीं थी। मंगलवार को एक बार फिर एटीआर के लगाए ट्रैप कैमरे में तस्वीर कैद हुई, जो बाघ के बजाय बाघिन की निकली है। इससे अफसर बाघिन और बाघ दोनों के मौके पर होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। फिलहाल बाघिन नेवसा के आसपास विचरण कर रही है, जिसके कारण ग्रामीण काफी दहशत में हैं।

### ड्रोन से भी निगरानी

बिलासपुर वन मंडल के कोटा वन परिक्षेत्र के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बाघ और बाघिन उनके क्षेत्र से काफी बाहर हो चुके हैं। वर्तमान में बाघ या बाघिन की तस्वीर दिख रही है वह वन विकास निगम के क्षेत्र में हैं। इसके बाद भी कोटा वन परिक्षेत्र की टीम लगातार अलर्ट हैं। वहीं ड्रोन से भी निगरानी रखने का आदेश दिया गया है।

### अब तक स्पष्ट नहीं

ट्रैप कैमरे में एक दिन पहले तक बाघिन के स्थान पर बाघ की तस्वीर कैद हुई थी। इसके बाद दूसरे दिन यानि मंगलवार को ट्रैप कैमरे में बाघिन की तस्वीर मिली। बाघिन नेवसा के पास पानी पीने के लिए आई थी। यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बाघिन के साथ उसके शावक जो हैं वह बड़े हो गए हैं। मौके पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। वहीं ग्रामीण एरिया में मुनादी भी स्टाफ कर रहे हैं।

-सत्यदेव शर्मा, डीएफओ,
वन विकास निगम



रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
10 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

## खबर संक्षेप



### अनिता ने पति राजेन्द्र के साथ किया रुद्राभिषेक

**बिल्हा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जगह-जगह शिवालयों मे सुबह से लेकर मध्य रात्रि तक शिव भक्तों का तांता लगा रहा एवं शिवालय हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय के जयकारों से गुंजामान रहे। इसी क्रम में जिला पंचायत 4 की सदस्य अनिता शुक्ला व कांग्रेस नेता राजेन्द्र शुक्ला ने मोहभट्ठा स्थित प्रसिद्ध स्वयंभू भुवनेश्वर महादेव का दर्शन किया एवं मदकुद्वीप मे भगवान शिव का रुद्राभिषेक व पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### एनएसएस ए प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन




**मल्हार।** तक्षशिला उमावि जोंधरा में एनएसएस 'ए' प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें बाह्य पर्यवेक्षक के रूप में बीपीडी मध्यनगरी स्कूल मल्हार के कार्यक्रम अधिकारी करुणेश कुमार नापित उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सात दिवसीय विशेष शिविर में प्रतिदिन संचालित विभिन्न थीम आधारित गतिविधियों पर प्रश्न पूछे गए साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की स्थिति, उद्देश्य, कार्यप्रणाली तथा एनएसएस के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण आदि विषय पर प्रश्न पूछे गए। साथ ही एनएसएस के पदाधिकारियों एवं उनकी भूमिकाओं से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए। इस दौरान प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल, पूरन सिंह ठाकुर, राजेश कुमार यादव, बलराम दिनकर, हेतराम पटेल, देव पटेल, मोतीराम कश्यप, वीरेंद्र साहू, चन्द्रकला पटेल, सीमा साहू आदि उपस्थित रहे।

### अवंती बाई कॉलेज में वार्षिक खेलकूद दिवस



**पथरिया।** वीरांगना अवंती बाई लोधी शासकीय महाविद्यालय पथरिया में 17 फरवरी को वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजन के अंतर्गत 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, भाला फेंक, तवा फेंक एवं गोला फेंक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। खेल मैदान में जहां एक ओर रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, वहीं दूसरी ओर आपसी सौहार्द और टीम भावना का भी सुंदर उदाहरण प्रस्तुत हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अंजली शर्मा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, खेलकूद गतिविधियां विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि, शिक्षा के साथ-साथ खेलों में सहभागिता से व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्राचार्या डॉ अंजली शर्मा सहित समस्त प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रभारी क्रीडा अधिकारी मानव जायसवाल ने किया।

### सेमरचुवा में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम



**मुंगेली।** समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में एकीकृत पुनर्वास केंद्र नशामुक्ति केंद्र की ओर से शासकीय हाई स्कूल सेमरचुवा में 'नशा मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों एवं उसके सामाजिक, मानसिक और शारीरिक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं नशामुक्ति केंद्र के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, नशामुक्ति केंद्र के अधीक्षक शत्रुहन साहू सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### ट्रेन पकड़ने 52 किमी दूर जाने को मजबूर हैं जिलेवासी

# आजादी के 78 साल बाद भी रेल की सुविधा से अछूता है मुंगेली जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

आजादी के 78 साल बाद भी क्षेत्र रेल नेटवर्क से न जुड़ पाने के कारण क्षेत्रवासियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिले में रेल सुविधा न होने से न सिर्फ लोगों की यात्र कठिन हो गई है, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक, व्यापारिक और आर्थिक विकास को भी गहरा झटका लगा है। नागरिकों को डबल इंजन की सरकार बनने के बाद क्षेत्र में जल्द ही रेल लइन आने की उम्मीद थी, लेकिन बजट में इसका उल्लेख नही होने पर लोगों में निराशा बनी हुई है।

नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रिय सांसद, विधायक एवं मंत्रियों से क्षेत्र में रेल लाइन हेतु विशेष प्रयास किए जाने की मांग की है, जिससे आम नागरिकों की वर्षो पुरानी मांग पूर्ण हो सके। बीजेपी शासन काल में डोंगरगढ तक के लिए रेल लाइन का प्रस्ताव पास हो गया था। इसको लेकर तत्कालिन सांसद लखन साहू ने भूमिपूजन कार्यक्रम भी आयोजित किया था, किन्तु लगभग 9 वर्ष बाद भी प्रक्रिया आगे नहीं

#### नागरिकों में निराशा

नागरिक कमल लोचन टोंडर, डॉ रामजी शर्मा, नीरज केशरवानी, नरेन्द्र जायसवाल, कन्हैया गुप्ता, किशन गुप्ता, चैतराम देवांगन, रमाकांत सोनी, अभिषेक जायसवाल, दीपेन्द्र घृतलहरे, राकेश सोनी, उमाशंकर देवांगन, राजू सोनी का कहना है कि यदि यह रेल्वे लाइन समय पर बन जाती तो आसपास के युवाओं को बाहर पलायन नही करना पड़ता। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की सुविधाएं नजदीक होतीं, और क्षेत्र का समग्र विकास संभव होता। उन्होंने कहा, प्रशासनिक उदासीनता और राजनीति दृढ़ इच्छा शक्ति की कमी के कारण इस परियोजना को बार-बार नजरअंदाज किया जाता है।

#### व्यापार और उद्योग पर नकारात्मक प्रभाव, नागरिक निराश



**खटाई में पड़ी योजना-** 8 वर्ष पूर्व नगर में रेल लइन के लिए जमीन का अधिग्रहण का कार्य भी तेजी से प्रारंभ था, किन्तु आज के तारीख में उस जमीन अधिग्रहण का अता-पता नहीं है। जिले के नागरिकों ने केंद्र और राज्य सरकार से अपील की है कि, वे जिले में रेल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करें। रेल कनेक्टिविटी इस पिछड़े क्षेत्र के लिए विकास की कुंजी साबित होगी, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर भविष्य की उम्मीद मिल सकेगी।

#### चुनावी वादों के नतीजा शून्य

स्थानीय निवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि, हर चुनाव में रेल लाइन बिछाने का मुद्दा जोर-शोर से उठाया जाता है, और जनप्रतिनिधि जीतने के बाद इस वादे को भूल जाते हैं। स्थानीय निवासी भैरव तिवारी का कहना है कि, जिले मे रेल लाइन के लिए आंदोलन कर रहे हैं, किन्तु 58 वर्षो में भी रेल लाईन का निर्माण नहीं हो पाया है। गोपाल शुक्ला ने कहा, हमने नेताओं के झूठे आश्वासनों पर भरोसा करना छोड़ दिया है। रेल हमारे लिए सिर्फ एक सपना बनकर रह गई है। मीनाक्षी सोनी ने कहा, जिले मे यातायात व्यवस्था सुगम नहीं हो पाने के कारण जिला पिछडता जा रहा है, रेल लाइन के अलावा सडको की भी बद से बदत्तर है। हाल ही में रेलवे के कार्यो की सूची जारी की गई थी जिसमें डोंगरगढ रेल लाइन का कहीं उल्लेख नहीं था।

#### ट्रेन के लिए तय करनी पड़ती है 52 किमी की दूरी

जिले के लाखों लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिए आज भी 52 किलोमीटर की दूरी तय करनी पडती है, बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक बस या निजी वाहनों से जाना पड़ता है। विशेषकर, बुजुर्गों, मरीजों, छात्रों और व्यापारियों के लिए यह सफर बेहद थकाऊ और महंगा साबित होता है। परिवहन की यह कमी जिले से पलायन का भी एक प्रमुख कारण बन रही है। डबल इंजन की सरकार पर स्थानीय जनता भरोसा करते आई कि, बहुत जल्द ही इस परियोजना पर क्षेत्र का विकास होगा, यहां भी रेल्वे इंजन दौडेगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।




ई–आफिस क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण।

## ई-ऑफिस प्रणाली को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त विभागों एवं कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने बताया कि ई-ऑफिस पारदर्शी और सुगम प्रशासन के लिए लागू किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियो को ई-आफिस और डिजिटल माध्यमों का प्रयोग करने प्रोत्साहित किया। ई-ऑफिस से कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं दक्षता को और अधिक मजबूती मिलेगी। प्रशिक्षकों विश्वास निगम एवं अमितेश शुक्ला ने ई-ऑफिस के उपयोग, फाइल मूवमेंट, नोटशीट तैयारी, सुरक्षा एवं गोपनीयता, दस्तावेज संधारण तथा अन्य तकनीकी बिंदुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। एनआईसी से प्रोग्रामर रूपेश सोनकर ने बताया कि, ई-ऑफिस का उद्देश्य विभागों के कार्यों को डिजिटल रूप से सुव्यवस्थित करना है, जिससे कागजी प्रक्रिया में कमी लाकर तेज एवं पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित की जा सके।

इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने सामुदायिक भवन राम मंदिर का किया भूमिपूजन



**गौरेला।** मरवाही विधायक एवं मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रणव मरपची ने ग्राम गिरवर देवालय में राम मंदिर एवं सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। गौरतलब है कि, उक्त सामुदायिक भवन एवं सांस्कृतिक मंच का निर्माण विधायक निधि एवं प्रभारी मंत्री राजेश अग्रवाल की मद से किया जा रहा है।

कार्यक्रम के आयोजक भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी बृजलाल सिंह राठौर ने कार्यक्रम के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए निर्माण की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने कहा कि, गिरवर धार्मिक ग्राम है, जहां राम मंदिर के निर्माण के साथ पूरे क्षेत्र में हमारी गौरवशाली परंपरा का प्रचार-प्रसार होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कल्लू सिंह राजपूत, जय प्रकाश शिवदासानी, रितेश फरमानइया, जिला पंचायत सदस्य पवन पैकरा, भंवर सिंह गोवाश, राजेश नंदिनी सिंह, श्याममणि राठौर, संदीप जयसवाल, तापस शर्मा, डॉ लूसन राठौर, सरपंच गिरवर दूजी बाई, जनपद सदस्य कौशल्या कमलेश राठौर, उप सरपंच गिरवर भीम राठौर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बृजलाल राठौर ने व आभार प्रदर्शन दुर्गेश यादव ने किया। कार्यक्रम में पुलस्त राठौर, सोनू राठौर आदि मौजूद थे।

### जन जोहार चौपाल

## भाजपा नेताओं ने दी वीबीजी रामजी योजना की जानकारी



**लोरमी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा के आह्वान व उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में डिंडोरी के ग्राम साल्हेघोरी में भाजपा नेताओं ने 'जन जोहार चौपाल' का आयोजन कर वीबीजी-रामजी योजना की जानकारी दी।

इस दौरान प्रमुख रूप से विनय साहू, धनीराम यादव, महाजन जायसवाल, प्रदीप मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य अनीता साहू, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, जनपद उपाध्यक्ष, राजेंद्र साहू, बेदराम पटेल, कुलेश्वर साहू, राजेंद्र केशरवानी, जन्मेजय जायसवाल, रघुवीर साहू, प्रहलाद यादव, धन्नू प्रकाश पटेल, पीताम्बर बर्मन, राजाराम साहू, सिराती साहू, मनोज पाण्डेय, दिनु पटेल, पप्पू ध्रुव, कमल, संतराम, उत्तम,श्याम लाल साहू, पुष्कर साहू,सरपंच प्रतिनिधि श्री मनोज साहू, गोविन्द साहू, लखनी साहू, प्रेमलता मिरी, भगवती मिरी, मुनीम निर्मलकर, पदमावती निर्मलकर, अश्विनी साहू, संतोष साहू, रामेश्वर साहू, दूजराम साहू, डोमन साहू, भरत साहू, मनोज यादव, अनिल सेन, जुगल किशोर साहू, बलराम साहू, शशि निर्मलकर, नेहा साहू, साधना साहू, सीता, गोदावरी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कुलेश्वर साहू ने किया।

## एसडीएम ने डीजे व धुमाल संचालकों की ली बैठक



**मुंगेली।** जिले में बोर्ड एवं स्थानीय परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज ने डीजे एवं धुमाल संचालकों की बैठक ली।

बैठक में परीक्षा अवधि के दौरान जिले में शांति एवं अनुशासन बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि परीक्षा अवधि के दौरान रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि, शासन द्वारा जारी निर्देशों एवं कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित कराया जाए। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए। परीक्षा केंद्रों, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य संवेदनशील स्थलों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के साउंड सिस्टम या ध्वनि विस्तारक उपकरण के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## स्टाफ की कमी से जूझ रहा एसबीआई

**मुंगेली।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा मुंगेली इन दिनों अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है। स्टाफ की कमी के चलते ग्राहकों को लम्बी कतार लगानी पड़ रही है। बैंक द्वारा इंटरनेट बैंकिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसका लाभ ग्राहकों को नहीं मिल पा रहा है कभी सर्वर कि समस्या तो कभी लिंक फेल हो जाने के कारण ग्राहक ठगा हुआ महसूस कर रहे है।

मुंगेली प्रारंभ से ही व्यापार का केंद्र माना गया है, व्यापार में बैंको की आम भुमिका होती है 1961 के पूर्व में नगर व्यापारियों को सुविधा दिलाने के उद्देश्य से यूनियन बैंक संचालित हो रही थी 1962 में देश के प्रमुख बैंको में से एक बैंक स्टेट बैंक की स्थापना पुराना बस स्टैण्ड थाना के पास पूराने न्यायालय एवं पुराने जनपद के पास स्थित भवन में स्टेट बैंक संचालित हो रहा था। आवश्यकताएं बढने पर इसे बडा बाजार रोड रामगोपाल तिवारी वार्ड में किराये के मकान में संचालित किया जा रहा है। जिला बनने के बाद 17 अन्य बैंक खुल जाने पर लीड स्टैट बैंक में ग्राहकों की सुविधा नहीं होने, उचित रख रखाव के अभाव में संचालित हो रहे इस शाखा से अप्रत्याशित रूप से खातेदारों में कमी आई। साथ ही कर्मचारियों के बेरूखी व्यवहार के चलते बडे व्यापारियों ने इस बैंक से अपना नाता तोड़ लिया। 1968 से इस बैंक में लगे




चेस्ट पर भी इसका प्रभाव पड़ा और 2024 में इस शाखा से चेस्ट को हटा लिया गया। जिला बनने के बाद उन्नति होने के बजाएं अवनति के ओर चला गया, बडे उद्योग विहीन इस जिला को व्यापार के बदौलत चलना पडता है। व्यापारियों को बैंक की सहोलियत नही मिलने के कारण असुविधाओं का सामना करना पडता है। ऑनलाईन सुविधा बढने के कारण सारे लेन-देन डिजिटल होने लगे है, जिससे स्टाफ की भी कमी होने लगी।

## सखी वन स्टॉप सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर

**मुंगेली।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती कंचन लता आचला ने बताया कि शिविर में महिलाओं एवं नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता, महिला संरक्षण संबंधी कानूनों, घरेलू हिंसा अधिनियम, पारिवारिक विवादों के वैधानिक समाधान तथा लोक अदालत की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही किसी भी प्रकार के पारिवारिक, सामाजिक अथवा कानूनी विवाद की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क परामर्श एवं सहायता प्राप्त की जा सकती है।




शिविर के दौरान सखी वन स्टॉप सेंटर में पहुंचे एक वैवाहिक दंपती, जो आपसी विवाद के चलते अलग होने की स्थिति में थे, उन्हें विधिक सलाह एवं परामर्श प्रदान किया गया। विशेषज्ञों द्वारा काउंसलिंग के माध्यम से दोनों पक्षों को आपसी संवाद और समझ के महत्व से अवगत कराया गया, जिसके सकारात्मक परिणामस्वरूप दंपत्ति ने आपसी मतभेद दूर कर साथ रहने का निर्णय लिया। उन्हें सुखी वैवाहिक जीवन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देकर घर भेजा गया। इस अवसर पर सखी वन स्टॉप सेंटर का समस्त स्टाफ एवं पीएलवी (पैरालीगल वालंटियर्स) उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं ने जाना खुड़िया बांध का महत्व

## शैक्षणिक भ्रमण: बच्चों ने प्राप्त किया प्रकृति का अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

शासकीय प्राथमिक शाला सिलदहा के छात्र-छात्राओं को प्रकृति, पर्यावरण, इतिहास एवं धार्मिक स्थलों की जानकारी देने के उद्देश्य से शाला की ओर से शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने बांध, पर्वत, जंगल, धार्मिक और शैक्षणिक स्थलों का अवलोकन कर ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त किया।

भ्रमण की शुरुआत बाबा डोंगरी गुफा में विराजमान मां सरस्वती, दुर्गा माता एवं भोलेनाथ के दर्शन से हुई। इसके पश्चात पहाड़ों पर स्थित शक्तिपीठ शाकंभरी माता और भुवनेश्वरी माता के दर्शन किए गए। शाकंभरी माता मंदिर परिसर में प्रधानपाठक ने विद्यार्थियों को शाकाहारी जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया।



खुड़िया संकुल समन्वयक विनोद सिंह ने विद्यार्थियों को खुड़िया बांध के इतिहास और विशेषताओं की जानकारी दी। बांध की विशालता और प्राकृतिक सुंदरता को देखकर छात्र-छात्राएं मंत्रमुग्ध हो गए। इसके बाद बच्चों ने विश्राम गृह में अल्पाहार किया और अचानकमार अभ्यारण्य के जंगल भ्रमण पर निकले। भ्रमण के दौरान बिजराकछार, मौहमाचा, सरगढ़ी, झिरिया और भूतकछार के घने जंगलों, पेड़-पौधों और प्राकृतिक वादियों का अवलोकन कर विद्यार्थी रोमांचित हुए। सरगढ़ी संकुल समन्वयक कृष्णचंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के लिए फलाहार की व्यवस्था की। झिरिया स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं प्राकृतिक जल स्त्रोत की मनोहारी छटा ने सभी को आकर्षित किया। भ्रमण के दौरान डोंगरीगढ़ में भुवनेश्वरी माता, हनुमान जी एवं अर्द्धनारेश्वर शिव के दर्शन किए गए, जहां प्रधानपाठक संजय सिंह ने विद्यार्थियों को उनके धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी। अंतिम चरण में शासकीय प्राथमिक शाला पीथमपुर का भ्रमण किया गया। वहां राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षक रामनाथ कुलमित्र ने विद्यालय परिसर में रोपित दुर्लभ औषधीय एवं फलदार पौधों जैसे रुद्राक्ष, सफेद चंदन, अंजीर, सुपाड़ी, स्टार फ्रूट, तेजपत्ता, लौंग, इलायची, सेब एवं मिया जाकी आम के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। विद्यालय में प्रदर्शित राम सेतु पत्थर, पिरामिड, पाषाण पत्थर, कछुआ, पारद शिवलिंग एवं विविध खेल सामग्री ने बच्चों को विशेष रूप से आकर्षित किया। इस शैक्षिक भ्रमण से प्रेरित होकर शिक्षकों ने भविष्य में सिलदहा को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया। भ्रमण को सफल बनाने में बसंत राजपूत और गणेश नायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही

### सिद्धा फाउंडेशन ने हाई स्कूल टेकर को भेंट किए पंखे



**बेलतरा।** सिद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा ने मंगलवार 17 फरवरी को शासकीय हाई स्कूल टेकर को 6 पंखे भेंट किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अति पुलिस अधीक्षक राम गोपाल करियारे उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा, जीवन की हर एक घटना में किसी न किसी रूप में आपको लाभ ही होता है। अर्थात भूतकाल में की गई गलतियों का पश्चाताप न करें एवं भविष्य की चिंता न करें। वर्तमान को सफल बनाने के लिये पूरा ध्यान परीक्षा में दीजिए। आज आप रचनात्मक कार्य करेंगे तो कल की गलतियां मिट जाएंगी और भविष्य में अवश्य लाभ होगा। विशिष्ट अतिथि राम दत्त गौरहा ने बच्चों को आगामी परीक्षा के लिए तनाव न लेने व पढ़ाई का आनंद लेने को कहा।

प्राचार्य नसीम बेगम ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर फाउंडेशन की सदस्य श्वेता सिंह, रमैया मैडम, प्रधान पाठक आशुतोष तिवारी, व्याख्याता अर्जुन सोनवानी, रेवती शर्मा, आशा पटेल, राम कश्यप, अरविंद गिरी गोसाई तथा मिडिल और हाई स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे।